mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-167 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
17 जून 2024 सोमवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



टी20 वर्ल्ड ...
@ पेज 7

## संक्षिप्त समाचार

### एनसीईआरटी ने बदल दिया अयोध्या विवाद वाला चैप्टर

- नई किताबों से अब गायब हो गया 'बाबरी मस्जिद' का नाम



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 12वीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की नई एनसीईआरटी की किताब में बाबरी मस्जिद का नाम भी हटा दिया गया है। अब नई किताब में इसे तीन गुंबद वाला ढांचा कहा गया है। वहीं अयोध्या वाले अध्याय को छोटा करके चार पेज से केवल दो में कर दिया गया है। इसमें बीजेपी की सोमनाथ से अयोध्या की रथ यात्रा, कार सेवकों की भूमिका, बाबरी मस्जिद ढहाने के बाद हुई हिंसा, राष्ट्रपति शासन और अयोध्या में हुई हिंसा पर बीजेपी के खेद वाली बातों को शामिल किया गया है।

### मोदी सरकार तैयार खत्म होगा नई शिक्षा नीति का इंतजार

- विद्यालयीन शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा स्तर तक किए जा रहे हैं कई बदलाव



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अरसे से लंबित शिक्षा सुधारों को गति देने की तैयारी हो रही है। इस कड़ी में भारतीय उच्च शिक्षा आयोग का प्रस्ताव अब जल्द संसद की दहलीज तक पहुंच सकता है। इस संबंध में विधेयक को कैबिनेट में मंजूरी के लिए भेजने की तैयारी शिक्षा मंत्रालय की ओर से पूरी कर ली गई है। यह जानकारी केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने दी है।

### वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों की लॉन्चिंग की शुरू हो गई तैयारी

- रेलवे ने स्पीड से लेकर किराया और रूट के बारे में भी बताया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मोदी सरकार 3.0 ने नए युग की अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस ट्रेनों के उत्पादन का अगले पांच साल का



लक्ष्य तय कर दिया है। इसके तहत बहुप्रतिक्षित वंदे भारत स्लीपर ट्रेन अगस्त में चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) से बनकर बाहर आ जाएंगी। जबकि पांच से छह माह तक ट्रॉयल के बाद देशवासी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में सफर का आनंद उठा सकेंगे। सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2029 तक 300 से अधिक वंदे भारत स्लीपर व सीटिंग ट्रेनें देशभर में दौड़ने लगेंगी।

# ईवीएम को लेकर फिर ऐक्टिव हो गए राहुल और अखिलेश

**एलन मस्क के दावे के बाद खोला मोर्चा, कहा-ये लैक बॉस है**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर फिर बहस छिड़ गई है। दुनिया के सबसे अमीर बिजनेसमैन एलन मस्क ने 15 जून को लिखा- ईवीएम को खत्म कर देना चाहिए। इसे इंसानों या एआई द्वारा हैक किए जाने का खतरा है। हालांकि, ये खतरा कम है, फिर भी

- **पूर्व आईटी मंत्री का ने दिया जवाब-आइए, हम बनाना सिखाते हैं**

बहुत ज्यादा है। अमेरिका में इससे वोटिंग नहीं करवानी चाहिए। इस पर भाजपा नेता और पूर्व आईटी मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा- मस्क के मुताबिक, कोई भी सुरक्षित डिजिटल हार्डवेयर नहीं बना सकता, ये गलत है। उनका बयान अमेरिका और अन्य स्थानों पर लागू हो सकता है - जहां वे इंटरनेट से जुड़ी वोटिंग मशीन बनाने के लिए नियमित कंप्यूट प्लेटफॉर्म का उपयोग करते



हैं। भारतीय ईवीएम सुरक्षित हैं और किसी भी नेटवर्क या मीडिया से अलग हैं। कोई कनेक्टिविटी नहीं, कोई ब्लूटूथ, वाईफाई, इंटरनेट नहीं। यानी कोई रास्ता नहीं है। फैक्ट्री प्रोग्राम्ड कंट्रोलर जिन्हें दोबारा प्रोग्राम नहीं किया जा सकता। ईवीएम को ठीक उसी तरह डिजाइन किया जा सकता है जैसा कि भारत ने किया है। हमें इसका ट्यूटोरियल देने पर खुशी होगी, एलन। राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने मस्क के पोस्ट को रीपोस्ट करते हुए कहा- भारत में ईवीएम ब्लैक बॉक्स की तरह है। किसी को भी इसकी जांच की अनुमति नहीं है। हमारी चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंताएं जताई जा रही हैं। जब संस्थाओं में जवाबदेही की कमी होती है, तो लोकतंत्र एक दिखावा बन जाता है और धोखाधड़ी की संभावना बढ़ जाती है। राहुल गांधी ने मस्क के पोस्ट को मिड डे अखबार में छपी खबर के साथ रीपोस्ट किया। इसमें मुंबई की घटना का जिक्र है। दरअसल, मुंबई उत्तर-पश्चिम लोकसभा सीट से एनडीए और शिवसेना (शिंदे) प्रत्याशी रविंद्र वायकर के साले मंगेश पंडिलकर 4 जून को पाबंदी के बावजूद एक चुनाव अधिकारी का मोबाइल लेकर गोरेगांव के काउंटिंग सेंटर के अंदर गए थे। सूत्रों के मुताबिक, चुनाव आयोग के एक अधिकारी के पास मोबाइल फोन था, जिससे मतगणना के दौरान ओटीपी जनरेट होता है। इससे ईवीएम अनलॉक किया जा सकता है। इस फोन का इस्तेमाल सांसद के रिश्तेदार कर रहे थे।

# डीपफेक वीडियो बनाने वालों की अब खैर नहीं

### डिजिटल इंडिया बिल लाएगी मोदी सरकार, यूट्यूब पर भी लगेगी लगाम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2024 लोकसभा चुनाव जीतकर सत्ता में आई मोदी सरकार आने वाले लोकसभा के सत्र में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से बनाए हुए डीपफेक वीडियो और फोटोज पर नजर रखने के लिए डिजिटल इंडिया बिल लाने की तैयारी में हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, सरकार की तरफ से लाए जाने वाले इस बिल में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस को और बेहतर तरीकों से इस्तेमाल करने के पर भी ध्यान देने का प्रयास किया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार इस बिल का नाम डिजिटल इंडिया होगा। सरकार इस बिल को सदन में पेश करने से पहले सभी पार्टियों के साथ इस पर सहमति बनाने का प्रयास करेगी। आगामी लोकसभा सत्र में डीपफेक के अलावा यूट्यूब, फेसबुक और दूसरे वीडियो प्लेटफार्मों को रेग्यूलेट करने के लिए भी कानून आ सकता है। लोकसभा का अगला सत्र जो कि 18वीं लोकसभा का पहला सत्र होगा। यह 24 जून से शुरू



होगा और 3 जुलाई तक चलेगा, फिर उसके बाद 22 जुलाई से मॉनसून सत्र शुरू होगा जो कि 9 अगस्त तक चालू रहेगा। इस साल की शुरुआत में केंद्रीय राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने भी इस बिल के बारे में संकेत किया था। चंद्रशेखर ने कहा था कि हम इस बारे में सोच रहे हैं।

# मोदी के जम्मू-कश्मीर दौरे से पहले ऐक्टिव हुए शाह

**टॉप अफसरों के साथ गृह मंत्रालय में की हाईलेवल मीटिंग**

**श्रीनगर/नई दिल्ली (एजेंसी)।** गृह मंत्री अमित शाह दिल्ली में रविवार 16 जून को जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मीटिंग की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आतंकवाद को कुचलें और आतंकियों की मदद करने वालों पर भी सख्ती बरतें। शाह ने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर में सभी तीर्थस्थलों और पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था और बढ़ाई जाए। 21 जून को योग दिवस के कार्यक्रम के लिए प्रधानमंत्री मोदी 20 जून को श्रीनगर जा रहे हैं। 29 जून से अमरनाथ यात्रा भी शुरू हो रही है। इसे देखते हुए शाह ने अधिकारियों से यात्रा रूट और नेशनल हाईवे पर अतिरिक्त बलों की तैनाती करने कहा है। गृह सचिव, जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा, एनएसए अजीत डोभाल, सीआरपीएफ के डीजी अनीश दयाल, बीएसएफ, आईटीबीपी सेना और पुलिस अफसर मौजूद रहे। मीटिंग के दौरान गृह मंत्री

- **कहा-आतंकवाद को कुचलें और मददगारों को भी न बशें**

शाह का पूरा फोकस अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा पर रहा। पिछले साल 4.28 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री अमरनाथ यात्रा पर आए थे।

इस बार यह आंकड़ा पांच लाख तक जा सकता है। यह कहा जा रहा है कि इस बार सभी तीर्थयात्रियों को स्पेशल कार्ड दिए जा सकते हैं, ताकि उनकी असली लोकेशन का पता लगाया जा सके। इसके अलावा सभी को 5 लाख रुपए का बीमा कवर दिया जा सकता है।



# मोदी 3.0 में भी वही तेवर, वही रफ्तार

- **आज अमेरिकी एनएसए से मिलेंगे अजीत डोभाल**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार पदभार ग्रहण करने के बाद भारत-अमेरिका के संबंधों को और मजबूती मिलने की संभावना है। शुक्रवार को नई दिल्ली में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय वार्ता होने वाली है। इस बैठक में भारत सरकार के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार



अजीत डोभाल और अमेरिकी एनएसए जेक सुलिवन शामिल होंगे। 17 और 18 जून को होने वाली बैठक में दोनों देशों के बीच कई मुद्दों पर चर्चा होने वाली है। मोदी सरकार के शीर्ष सरकारी अधिकारियों के अनुसार, आईसीईटी की मुख्य बैठक कल होगी। इस बैठक में 31 जनवरी 2023 को वाशिंगटन में हुई बैठक में लिए गए फैसलों की समीक्षा की जाएगी। जिन मुद्दों पर चर्चा होगी उनमें तेजस मार्क लड़ाकू विमानों के लिए जीई-414 जेट इंजन की प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण का मुद्दा भी शामिल है। कई पश्चिमी देश और चीनी मीडिया अमेरिका स्थित प्रतिबंधित खालिस्तानी आतंकवादी जीएस पन्नू की कथित हत्या के प्रयास में भारत की भूमिका का आरोप लगाकर दोनों देशों के संबंधों को बेपटरी करने की कोशिश कर रहे हैं।

**अनोखी शादी**

# आईसीयू में बीमार पिता के सामने बेटियों ने किया निकाह

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी की राजधानी में अनोखी शादी हुई। फादर्स डे की पूर्व संध्या पर शनिवार को आईसीयू में भर्ती बीमार पिता की आखों के सामने दो बेटियों का निकाह कराया गया। पिता अपने जीते जी बेटियों के हाथ में मेहंदी लगी देखना चाहता था। बीमार पिता की इच्छा के मुताबिक एरा मेडिकल कॉलेज

- डॉक्टर-नर्स बने बाराती, लखनऊ की इस शादी की खूब हो रही चर्चा

का आईसीयू दो सगी बहनों की शादी का गवाह बना। आईसीयू में भर्ती गंभीर मरीजों की ख्वाहिश पर उसकी दो बेटियों का निकाह आईसीयू में ही पढ़ा गया। माला पहने दूल्हे आईसीयू में निकाह की रस्म पूरी करते नजर आए। डाक्टर नर्स बाराती की भूमिका में नजर आए। दुबग्गा स्थित एरा मेडिकल कॉलेज के आईसीयू



में सैयद जुनैद इकबाल (51) गुजरे 15 दिनों से भर्ती हैं। संक्रमण की वजह से उन्हें सांस लेने में दिक्कत है। इससे पहले चार बार तबीयत बिगड़ने पर अलग-अलग दिनों में भर्ती कराया गया है। भाई डॉ. तारिक साबरी ने बताया कि सैयद जुनैद इकबाल उन्नाव के मुसंडी शरीफ मजार के सज्जादा नशीन हैं। इनकी दो बेटिया हैं। पहली तन्वीला व दरख्शां। दोनों का निकाह पहले से तय था। 22 जून को मुंबई में निकाह व रिसेप्शन मुकर्रर था। अप्रैल में भाई की तबीयत खराब हो गई। 15 दिन पहले एरा के आईसीयू में भर्ती कराया गया। इलाज के बावजूद तबीयत में सुधार नहीं हुआ। लिहाजा पिता ने अपने सामने बेटियों की शादी की ख्वाहिश जाहिर की। पिता चलने-फिरने में लाचार हैं। इसके लिए एरा मेडिकल कॉलेज प्रशासन से अनुमति मांगी। एरा मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने इंसानियत की मिसाल पेश करते हुए आईसीयू में निकाह की अनुमति दी। लिहाजा अस्पताल प्रशासन ने आईसीयू में पिता के सामने दूल्हे और मौलवी को बुलाकर दोनों बेटियों का निकाह कराया।


# वाराणसी से कल बड़ा तोहफा देने जा रहे पीएम मोदी

- **किसान समान निधि के साथ महिलाओं को भी मिलेगा फायदा**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद पीएम मोदी अपने लोकसभा क्षेत्र वाराणसी का दौरा करने जा रहे हैं। 18 जून यानी मंगलवार को वह वाराणसी में होंगे। पीएम मोदी वाराणसी से ही 9,3 करोड़ किसानों के खाते में 2



हजार रुपये की 17वीं किस्त ट्रांसफर कर देंगे। इसके अलावा 30 हजार स्वयं सहायता समूहों को 'कृषि सखी' के रूप में मान्यता देंगे। इनमें वे महिलाएं शामिल होंगी जिन्हें कृषि संबंधित प्रशिक्षण दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभर के 732 कृषि विज्ञान केंद्रों से वर्चुअली जुड़ेंगे। इसके अलावा कई राज्यों में स्थित कृषि विज्ञान केंद्रों से कई केंद्रीय मंत्री भी जुड़े रहेंगे।



# कैमरे में कैद हुआ पृथ्वी का सबसे नजदीकी 'सुपर स्टार'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नासा के चंद्र एक्स-रे ऑब्जरवेटरी और नासा के दूसरे टेलीस्कोप से मिले नए डेटा के की मदद से पृथ्वी के सबसे बड़े और सबसे नजदीकी 'सुपर' स्टार समूह पर वैज्ञानिक अध्ययन कर रहे हैं। इस ग्रुप को वेस्टरलंड 1 नाम दिया गया है। इन अध्ययनों की मदद से खगोलविदों को तारों के निर्माण की प्रक्रिया को समझने में मदद मिलेगी। यह एक्सटेंडेड वेस्टरलंड 1 और 2 ओपन क्लस्टर सर्वे नाम की परियोजना से पहला सार्वजनिक रूप से जारी किया गया डाटा है। इसका नेतृत्व इटली के पलेर्मो में स्थित एक संस्थान कर रही है। चंद्र ऑब्जरवेटरी ने सुपर के हिस्से के रूप में वेस्टरलंड 1 का लगभग 12 दिनों तक अध्ययन करने के बाद यह डाटा साझा किया है। नई तस्वीर में चंद्र का डाटा और नासा के हबल स्पेस टेलीस्कोप से पिछला डाटा शामिल है। चंद्र के एक्स-रे से क्लस्टर में नए तारे और गैसों का पता चलता है। युवा तारे ज्यादातर सफेद और गुलाबी रंग के दिखाई देते हैं, जबकि गर्म गैस गुलाबी, हरे और नीले रंग में दिखाई देती है। हबल के डेटा में कई तारे पीले और नीले रंग के डॉट्स के रूप में दिखाई देते हैं। एक दिलचस्प खोज यह है कि वेस्टरलंड 1 के केंद्र में चार प्रकाश वर्ष के दायरे में 1,075 तारे हैं। इसे इस तरह से समझ सकते हैं कि चार प्रकाश वर्ष सूर्य और उसके निकटतम पड़ोसी तारे के बीच की दूरी है। सुपर डेटा की मदद से वेस्टरलंड 1 के केंद्र के चारों ओर गर्म गैस के एक प्रभामंडल का पहली बार पता चला है। खगोलविदों का मानना है कि यह क्लस्टर के गठन और विकास को समझने और इसके मास का बेहतर अनुमान लगाने के लिए जरूरी है।

**नासा के चंद्र एस-रे ऑजरवेटरी ने ली यह खूबसूरत तस्वीर**

वर्तमान में, हमारी गैलेक्सी में हर साल केवल कुछ ही तारे बनते हैं। हालांकि, अतीत की बात करे तो मिल्की-वे लगभग 10 बिलियन साल अपने चरम पर था जब यहां हर साल दर्जनों या सैकड़ों तारे बनते थे। इनमें से ज्यादातर घटनाएं विशाल क्लस्टर्स में हुईं जिन्हें सुपर स्टार क्लस्टर के नाम से जाना जाता है। इन्हीं में से एक को वेस्टरलंड 1 नाम दिया गया है। ये क्लस्टर औरों की तुलना में नए हैं और इनका वजन सूरज के वजन से 10,000 गुना ज़्यादा है।

## संक्षिप्त समाचार

### सुरक्षित भविष्य के लिए जल संरचनाओं को पुनर्जीवित करना हमारा कर्तव्य है

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नदियों के उद्गम स्थल की मानस यात्रा कर रहे पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल शनिवार को तीन नदियों के उद्गम स्थल पहुँचे। मंत्री श्री पटेल ने सिवनी ज़िले की ग्राम पंचायत शाखादेही स्थित बावनथडी नदी तथा बालाघाट ज़िले के कटंगी जनपद में अम्मा माई स्थित चंदन नदी और वारासिवनी में कास नदी के उद्गम स्थल पर पहुंचकर वृक्षारोपण, पूजन और जनसंवाद किया। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि नदियों के सूखे उद्गमों के बीच बावनथड़ी के उद्गम स्थान पर स्त्रोत से बहती जलधारा आनंदित और आशान्वित करने वाली थी। यह हम सबका कर्तव्य है कि यह धारा अविरल बनी रहे। नदी से क्षेत्र की पहचान होती है, इसे बचाकर आप अपने क्षेत्र की पहचान को समृद्ध करेंगे। उन्होंने कहा कि सुरक्षित भविष्य के लिए जल संरचनाओं को पुनर्जीवित करना हमारा परम कर्तव्य है। मंत्री श्री पटेल ने आश्वस्त किया कि जो भी पंचायतें पौधें मांगे उन्हें पौधे दिए जाएंगे। लेकिन पौधे जिंदा रखने की गारंटी उन्हें देना होगी। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के बारे में बताते हुए कहा कि 5 जून से 16 जून तक का अभियान जागरण का अभियान है। आगामी बारिश में हर एक नागरिक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए एक पौधा अवश्य लगाएं। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि छोटी-छोटी नदियों के पानी के सहारे ही बड़ी नदियों का जीवन है। नदियों को बचाने के लिए उनके उद्गम स्थलों का संरक्षण ज़रूरी है अब तक वे 23 नदियों के उद्गम स्थलों तक पहुँच चुके है। नदियों के उद्गम स्थलों तक पहुँचने का उनका यह अभियान निरंतर चलता रहेगा।

### अमरवाड़ा विधानसभा के लिये नामांकन के दूसरे दिन एक नाम निर्देशन पत्र जमा हुआ

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया है कि छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा विधानसभा में उपचुनाव के लिए 14 जून 2024 से नाम निर्देशन-पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नाम निर्देशन पत्र जमा करने के दूसरे दिन 15 जून को एक अभ्यर्थी द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया। दिनांक 16 एवं 17 जून को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण नाम निर्देशन पत्र नहीं जमा किये जायेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने बताया है कि नाम निर्देशन पत्र भरने की अंतिम तारीख 21 जून 2024 है। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 24 जून को की जायेगी। नाम वापसी की अंतिम तारीख 26 जून है। मतदान 10 जुलाई को होगा। मतगणना 13 जुलाई को होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने बताया कि नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये गये अभ्यर्थियों के शपथ पत्र एवं अन्य जानकारियां भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट की लिंक पर देखी जा सकती हैं।

### मानसून दौरान अतिवृष्टि की स्थिति से निपटने एम.पी. ट्रांसको के फील्ड

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** जबलपुर में आयोजित दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय एम.पी. ट्रांसको (मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) की त्रैमासिक रिव्यू मीटिंग में प्रबंध संचालक इंजीनियर सुनील तिवारी ने निर्देश दिए कि फील्ड के अधिकारी समय रहते प्रदेश में अतिवृष्टि की स्थिति से निपटने की पूरी तैयारी कर लें। उन्होंने कहा कि ट्रांसमिशन लाइनों और सब स्टेशनों में आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक स्पेयर पार्ट्स मौजूद रखें। इस बात की भी पूरी तैयारी कर लें कि विषम परिस्थितियों में मध्य प्रदेश के किसी भी कोने में इन सामानों को पहुंचाने के लिए कैसी व्यवस्था रहनी चाहिए। उन्होंने मानसून पूर्व ट्रांसमिशन लाइनों, उन पर ट्रिपिंग और सबस्टेशनों के मेंटेनेंस कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी की। उन्होंने ट्रांसमिशन लाइनों पर होने वाली ट्रिपिंग की समीक्षा कर इसे न्यूनतम रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न ट्रांसमिशन लाइनों और सबस्टेशनों की क्षमता तथा उन पर लोडिंग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि किसी भी लाइन या सबस्टेशन में निर्धारित सीमा से अधिक लोड न डाला जाये। प्रबंध संचालक इंजीनियर सुनील तिवारी ने निर्देश दिए की फील्ड के अधिकारी जीरो एक्सीडेंट लक्ष्य को ध्यान में रखकर सतर्कता और सुरक्षा के साथ मेंटेनेंस कार्य को पूर्ण करवायें। उन्होंने कहा कि मानव जीवन से महत्वपूर्ण कुछ नहीं है, अत: कार्य के दौरान सुरक्षा मापदंडों का पालन कड़ाई से कराया जाये। मीटिंग में एम.पी. ट्रांसको के मुख्यालय स्थित सभी विभागध्यक्ष एवं प्रदेश के अधीक्षण अभियंता मौजूद थे।

### क्वीन मैरी स्कूल पर जिला प्रशासन का छापा, अभिभावकों के लिए बयान

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** गोविंदपुरा क्षेत्र में जिला प्रशासन की टीम ने शनिवार को क्वीन मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल पर छापा मारा। यहां टीम ने अभिभावकों के बयान लिए और स्कूल प्रबंधन से पूछताछ कर रिपोर्ट तैयार की है।

# जुलाई से भाजपा का सदस्यता अभियान संभव, फिर होगा बूथ, प्रदेश व राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भाजपा का सदस्यता अभियान जुलाई से आरंभ हो सकता है। पार्टी ने इसकी तैयारी आरंभ कर दी है। संभव है कि सदस्यता अभियान के बाद बूथ कमेटी, मंडल, जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया भी दिसंबर तक पूरी कर ली जाए। गौरतलब है कि भाजपा संगठन का चुनाव वर्ष 2023 में ही प्रस्तावित था, लेकिन मध्य प्रदेश सहित कुछ राज्यों के विधानसभा और 2024 में लोकसभा चुनाव के कारण संगठन चुनाव को आगे बढ़ा दिया गया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल भी 30 जून को समाप्त हो रहा है। उनको मोदी सरकार में मंत्री बनाए जाने के बाद अब जल्द ही सदस्यता अभियान के साथ पार्टी के संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया आरंभ हो सकती है। पार्टी सूत्रों के अनुसार पिछले लोकसभा चुनाव 2019 के बाद ही अगले वर्ष संगठनात्मक चुनाव कराए गए थे। तत्कालीन पार्टी अध्यक्ष अमित शाह के 2019 में मंत्री बनाए जाने के बाद कार्यकारी



नड्डा को अध्यक्ष बनाया गया। यही स्थिति 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद बनी है। अब भाजपा अध्यक्ष नड्डा के मंत्री बनाए जाने के बाद फिर नया कार्यकारी अध्यक्ष बनाया जा सकता है। संभावना है कि भाजपा श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती यानी छह जुलाई से सदस्यता अभियान शुरू कर सकती है। इसके तहत भाजपा हर बूथ पर कम से कम सौ नए लोगों को पार्टी के साथ जोड़ने का लक्ष्य रखा जा सकता है। मिस कॉल देकर सदस्यता तो दी जाएगी लेकिन उनकी पुष्टि भी की जाएगी। इस अभियान के बाद ही बूथ कमेटी और मंडल अध्यक्षों के चुनाव होंगे, फिर जिलाध्यक्ष के चुनाव कराए जाएंगे। अंतिम चरण में प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिपरिषद में शामिल प्रदेश के छह मंत्रियों का रविवार को शाम पांच बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय में अभिनंदन किया जाएगा। भाजपा के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी ने बताया कि मध्य प्रदेश से केंद्रीय मंत्री बनने वाले शिवराज सिंह चौहान, डॉ. वीरेंद्र कुमार, ज्योतिरादित्य सिंधिया, एल. मुरूगन, दुर्गादास उईके और सावित्री ठाकुर का पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व द्वारा अभिनंदन किया जाएगा।

अभिनंदन समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद के साथ प्रदेश कोर ग्रुप के सदस्य, प्रदेश शासन के मंत्री, प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, सांसद, विधायक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

## भोपाल से हैदराबाद, रायपुर तक विमान किराया 15 हजार

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भोपाल से हवाई यात्रियों की संख्या बढ़ने के साथ ही किराया भी बढ़ा है। सीमित उड़ानें होने के कारण लो फेयर में टिकट नहीं मिल पाते। यदि आपको हैदराबाद या रायपुर जाना है तो स्पाट फेयर करीब 15 हजार रूपये या अधिक देनें होंगे। अधिकांश शहरों तक स्पाट फेयर बढ़ चुके हैं। एक समय था जब बड़े शहरों तक औसत तीन हजार रूपये में टिकट मिल जाते थे। हाल के दिनों में मध्यम वर्ग भी विमान से यात्रा करने लगा है। यही कारण है कि एयरलाइंस कंपनियां भी मनमाना किराया लेने लगी हैं। डायनामिक फेयर होने के कारण सीटों की बुकिंग बढ़ते ही किराया भी बढ़ जाता है। भोपाल से सबसे कम दिल्ली, जयपुर, उदयपुर एवं लखनऊ तक औसत किराया कम है लेकिन बाकी शहरों का किराया डेढ़ साल में 40 प्रतिशत तक बढ़ गया है। हाल ही में नए नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने घरेलू उड़ानों का किराया किफायती करने पर जोर दिया है। ऐसा हुआ तो भोपाल के यात्रियों को भी कम किराये में सीट मिल सकती है। एयरलाइंस कंपनियां अक्सर लो-फेयर स्कीम जारी करती हैं। इसके तहत तीन से छह माह पहले बुकिंग कराने पर आधे से भी कम किराये में बुकिंग होती है लेकिन सीटों की संख्या सीमित होने के कारण भोपाल के यात्रियों को इसका पूरा लाभ नहीं मिल पाता। एक समय स्कीम के तहत 999 रूपये में भी सीट मिल जाती थी। अब यह बीते दिनों की बात हो गई है।

दिल्ली तक इंडिगो की तीन एवं एयर इंडिया की दो उड़ाने हैं। दिल्ली तक अब भी चार हजार रूपये तक में सीट मिल जाती है। सबसे अधिक किराया हैदराबाद एवं रायपुर का है। इस रूट पर स्पाट फेयर 15 हजार रूपये से भी अधिक है। बेंगलुरू उड़ान में किराया सात से आठ हजार रूपये के बीच है। इंडिगो ने बेंगलुरू तक दूसरी उड़ान शुरू की है इस कारण किराया कुछ कम हुआ है। एयरलाइंस कंपनियों के लिए किराये की अधिकतम सीमा तय करनी चाहिए। परिवार के चार सदस्य हैदराबाद जाएं तो उन्हें 60 हजार रूपये केवल किराया देना पड़ेगा यह उचित नहीं है। सरकार को घरेलू उड़ानों में पांच हजार रूपये की अधिकतम सीमा तय करनी चाहिए। मनमाने किराये पर रोक लगना जरूरी है।

## बिना रेटिंग ग्रेड के सीटें नहीं बढ़ा पाएंगे आयुर्वेद व यूनानी कॉलेज,

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** देशभर के आयुर्वेद और यूनानी कॉलेजों में इसी वर्ष जुलाई से रेटिंग ग्रेड सिस्टम शुरू करने की तैयारी है। इसमें कालेजों को ए,बी, सी, डी रेटिंग ग्रेड मिलेगा। इनमें मात्र ए और बी ग्रेड के आयुष कॉलेज ही 60 से 100, 100 से 150 और 150 से 200 स्नातक (यूजी) सीटें बढ़ाने के लिए योग्य माने जाएंगे। सभी कालेजों को अपनी बेवसाइट पर रेटिंग ग्रेड दर्शानी होगी ताकि छात्र अच्छे से अच्छे कालेजों में प्रवेश ले सकें। भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (एनसी आइएसएम) ने इस संबंध में तैयारी पूरी कर ली है। इससे निजी और सरकारी, दोनों



तरह के कॉलेजों की गुणवत्ता में सुधार आएगा।

यह व्यवस्था लागू होने से निजी कॉलेजों की चुनौती बढ़ने वाली हैं। कारण, अधिकतर कालेजों में संसाधन मापदंड से कम होते हैं। इस कारण उनका ग्रेड कमजोर होना तय है। ऐसे में, वह सीटें नहीं बढ़ा पाएंगे। ग्रेड सिस्टम से दूसरा लाभ विद्यार्थियों को होगा। वे ग्रेडिंग देखकर निर्णय ले सकेंगे कि कौन सा कॉलेज प्रवेश के लिए अच्छा है। हाल ही में एनसीआइएसएम की ओर से दिल्ली में आयोजित निजी और सरकारी कॉलेजों के प्राचार्यों के प्रशिक्षण के दौरान भी कमीशन के अधिकारियों ने रेटिंग ग्रेड शुरू करने के संकेत दिए थे।

## चार इमली के हनुमान मंदिर में नीब करौरी बाबा की प्रतिमा विराजित, दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राजधानी के पॉश इलाके चार इमली में स्थित मेंहदीपुर बालाजी मंदिर में नीब करौरी बाबा की प्रतिमा शनिवार को स्थापित की गई। विधि-विधान से बाबा की प्रतिमा की पूजा-अर्चना हुई। बाबा के दर्शन करने दूर-दूर से लोग आए। दिन भर दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। स्थापना शुभ मुहूर्त में सुबह 10 प्रारंभ हुई। पंडित रामशंकर थापक के सान्निध्य में स्थापना कार्यक्रम संपन्न हुआ। दूध, दही, शहद ,शक्कर, शुद्ध घी, इत्र, गंगा जल आदि से बाबा का अभिषेक किया गया। इसके बाद हवन पूजन का कार्यक्रम हुआ। अंत में 251 दीपों से आरती की गई। हनुमान



चालीसा का पाठ, नीब करौली विनय चालीसा का पाठ किया गया। इस अवसर पर भजन मंडली द्वारा सुंदरकांड का पाठ भी किया गया। आरती के बाद भंडारे का आयोजन हुआ। भजनों की प्रस्तुति चलती रही। स्थापना कार्यक्रम में सांसद आलोक शर्मा, विधायक भगवानदास सबनानी, पूर्व विधायक पीसी शर्मा, शरद श्रीवास्तव, रजनी श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।


नीब करौरी बाबा की प्रतिमा लगभग तीन क्विंटल संगमरमर से बनकर तैयार हुई है। इसे जयपुर के कारीगरों ने 11 दिन में बनाया है। उत्तराखंड के कैंची धाम के भक्तों ने बताया कि वर्ष 1970 में बाबा 10 नंबर स्थित मकान के शुभारंभ के अवसर पर शहर में आए थे। बाबा भारत में ही नहीं, बल्कि विदेश में भी विख्यात हैं, जो कंबल वाले बाबा के नाम से भी जाने जाते हैं।

## मध्य प्रदेश में नहीं माइक्रोबायोलाजी लैब, जहरीले खाने की कैसे हो पहचान

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्यप्रदेश में जहरीले खाने की पहचान कर पाना खाद्य सुरक्षा प्रशासन के लिए काफी मुश्किल है। दरअसल, यहां माइक्रोबायोलजी लैब ही नहीं है। सिर्फ एक ही सरकारी लैब भोपाल में स्थित है, बाकी प्रशासन निजी लैब के भरोसे ही रहता है। लैब नहीं होने की वजह से वर्ष 2023 में एक हजार नमूने लिए गए थे, जिनमें से सिर्फ छह में ही प्रकरण दर्ज किए जा सके। बता दें कि शहर में जगह-जगह स्टाल पर बिकने वाले कचौरी-समोसे व अन्य खाद्य पदार्थ में पेस्टिसाइड, हानिकारक बैक्टीरिया हैं या नहीं, इसका पता लगा पाना बहुत ही मुश्किल है। इस वजह से यह लोगों के स्वास्थ्य के लिए काफी खतरनाक साबित हो सकते हैं। यही वजह है कि मिलावटखोरों पर कार्रवाई सिर्फ जुर्माना तक सिमट कर रह जाती है। पेस्टिसाइड और हानिकारक बैक्टीरिया की जांच के लिए नमूने लेने की प्रक्रिया भी बहुत कठिन है। नमूने लेने से लेकर उसे लैब तक पहुंचाने के लिए सीलबंद कांच या अन्य मैटल बाक्स की जरूरत होती है। नमूने जिस तापमान में लिया गया है, उसे उसी वातावरण और तापमान में रखना होता है। लैब नहीं होने के कारण प्रदेश को इस तरह की जांच के लिए नमूने दूसरे राज्य या निजी लैब में जांच के लिए भेजना होता है। निजी लैब में जांच नमूने के अनुसार पांच से 10 हजार रुपये में होती है। देशभर में एफएसएसएआइ के अंतर्गत खाद्य विभाग कार्रवाई करता है। कुल 14 एक्ट में से 13 में सिर्फ जुर्माने का प्रविधान है। सिर्फ असुरक्षित खाद्य के मामले में आपराधिक प्रकरण होता है। इसके लिए खाद्य पदार्थ में पेस्टिसाइड और हानिकारक बैक्टीरिया की जांच जरूरी है। मप्र में एक ही लैब है, जिसमें सिर्फ कैमिकल जांच होती है।

## उद्यानिकी विभाग की लापरवाही से लाखों किसानों की सब्सिडी पर संकट

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** उद्यानिकी फसलों की खेती करने वाले किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं में सब्सिडी दिलाने वाला पोर्टल पिछले 4 दिनों से बंद है। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग में किसानों की योजनाओं का क्रियान्वयन मप्र फॉर्मर सब्सिडी ट्रैकिंग सिस्टम (एमपीएफएसटीएस) पोर्टल में पंजीयन के माध्यम से होता है। पोर्टल में किसानों का पंजीयन 7 जून से शुरू हुआ और 11 जून को पोर्टल बंद हो गया। जिससे किसान सब्सिडी के लिए पंजीयन से वंचित हो गए हैं। वहीं किसानों की फसल लेने की (बोवनी) की शुरुआत 20 जून से होती है, इसके बावजूद पोर्टल में पंजीयन चालू करने के कोई प्रयास नहीं किए गए हैं।



20 जून तक किसानों का चयन लाटरी के माध्यम से किया जाना है, लेकिन पोर्टल बंद होने से यह प्रक्रिया भी प्रभावित होगी।

जून माह निकलने के बाद किसान अपने स्तर पर फसल की तैयारी कर लेता है, इसमें योजना के लाभ से किसान वंचित हो जाएगा और योजना का क्रियान्वयन, फसल अवधि खत्म होने के बाद खरीफ (नवंबर) के बाद ही सब्सिडी का लाभ ले पाएगा। प्रदेश में कई जिलों से यह शिकायतें मिली है। इस पोर्टल के माध्यम से किसानों को उत्पादन, प्रसंस्करण, पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट, सिंचाई, यांत्रिकरण, क्षेत्र विस्तार के कार्य में उपयोग होने वाले उपकरणों पर डेढ़ से पौने दो लाख रुपये तक की सब्सिडी मिलती है।

बता दें कि मप्र में उद्यानिकी फसलों का क्षेत्रफल 36 लाख हेक्टेयर है, इस पोर्टल के बंद होने से इन क्षेत्र में कृषि और किसानों हर स्तर पर शत-प्रतिशत प्रभावित होंगे। वहीं सरकार की किसान हितैषी विभिन्न योजना के तहत इस पोर्टल के माध्यम से कोल्ड स्टोरेज, ड्रिप, ड्रिप स्प्रिंकलर, पाली हाउस, शेडनेट हाउस, वाक इन टनल, ट्रैक्टर,जैसे कृषि उपकरणों के लिए सब्सिडी दी जाती है। सब्सिडी ट्रैकिंग सिस्टम (एमपी एफएसटीएस) के अंतर्गत किसान विभिन्न योजना में पंजीयन कराकर सब्सिडी का लाभ लेते हैं।

इसके तहत मध्य प्रदेश सरकार का लक्ष्य कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने एवं किसानों को विभिन्न प्रकार की योजना के लाभ प्रदान करना है। इसके तहत कृषि उपकरण और सिंचाई उपकरण के माध्यम से किसान अपनी फसल को बेहतरीन कर सकते हैं।

विभिन्न प्रकार के कृषि उपकरणों पर इस योजना के

## महिलाओं में हृदय संबंधी समस्याएं 10 प्रतिशत बढ़ीं

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** माना जाता है कि महिलाओं की तुलना में पुरुषों में हृदय की समस्याएं ज्यादा दिखाई देती हैं। यह एक पुराना सोच है, लेकिन महिलाओं में भी हृदय की समस्याएं हो सकती हैं। जब महिलाओं को माहवारी होती है, तब हार्मोंस की वजह से हार्ट अटैक से बचाव होता है, लेकिन बदलती जीवन शैली की वजह से गर्भावस्था के अंदर होने वाली समस्याएं हाई बीपी, शुगर एवं व्यायाम न करना, स्मोकिंग करने भी से भी हृदय की समस्याएं हो रही हैं। यह समस्याएं 10 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं। यह कहना है हृदय रोग विशेषज्ञ डा. शीबा ठक्कर का। वह एक निजी होटल में कार्डियोलाजिकल सोसायटी आफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन को संबोधित कर रहीं थीं। डा. शीबा ने कहा कि ऐसी महिलाएं



जिनका गर्भावस्था के दौरान बीपी व शुगर बढ़ा हो, जिनको बार बार गर्भपात करना पड़ता है, जिनकी फैमिली हिस्ट्री में कोलेस्ट्राल रन करता है या नशे वाली आदतें होती हैं उन्हें हृदय की समस्याएं ज्यादा हो रही हैं। इसके अलावा तनाव भी मुख्य कारण है। इस मौके दिल्ली की कार्डियोलाजिस्ट डा. कविता त्यागी ने बताया कि जिम या किसी खेल के दौरान कार्डियक अरेस्ट या कार्डियक फेलियर के कई कारण हो सकते हैं। इसमें सप्लीमेंट, ज्यादा तनाव और क्षमता से ज्यादा वर्कआउट मुख्य कारण हैं। मेडिकल फिटनेस कराने के बाद ही एक्सरसाइज करना चाहिए। देखने में आया है कि कुछ जिम ट्रेनर भी गलत सलाह देते हैं। हर पांच बीपी व डायबिटीज के रोगियों को पता ही नहीं है कि उन्हें ऐसी समस्या हैं। इसलिए इन बीमारियों की स्क्रीनिंग जरूरी है। सप्लीमेंट को चुनते वक्त सही सलाह जरूरी है। वहीं स्टेरायड से जितना हो सके, दूर रहना चाहिए। मुंबई से आए डा. हेतन शाह ने कहा कि आजकल युवा फिजिकल तो स्ट्रांग दिखने के लिए जिम कर रहे हैं। लेकिन दिमाग को स्ट्रांग करने के लिए जरूरी मेडिटेशन से दूर है। यही कारण हैं कि वे ज्यादा हाइपर रहते हैं। जिससे बात बात में गुस्सा आना और चिड़चिड़ापन स्वभाव में नजर आता है। जिससे छोटी छोटी बात पर उनका बीपी और हार्ट रेट तेजी से बढ़ जाता है। जो दिल की बीमारियों को बढ़ावा देता है। आजकल का युवा हाइपर जोन में फंसकर रह गया है। उसे जरूरत है कि वो अपने लिए मेडिटेशन व रिलेक्सेशन के लिए समय निकाले। माइंड स्टेबल रहेगा तो बीपी और हार्ट भी स्टेबल रहेगा। यही कारण है कि पहले के लोग दो तीन हार्ट अटैक के बाद भी सर्वाइव कर जाते थे।

# खुलेगा गांव का रहस्य

## पन्ना के ललार गांव में मौजूद हैं हजारों वर्ष पुरानी मूर्तियां





**मीडिया ऑडीटर, पन्ना निप्र।** पन्ना जिले के पन्ना टाइगर रिजर्व के बीचो-बीच स्थित ललार गांव के एक चबूतरे में हजारों वर्ष पुरानी कलाकृतियों की मूर्तियां लगी हुई हैं।

देवी-देवताओं की आकृति बनी हुई मूर्तियां स्थानीय शंकर जी के मंदिर की चबूतरे की चारों ओर लगी हुई हैं। जिन्हें दसवीं शताब्दी का बताया जा रहा है। वहीं इन मूर्तियों की जांच पड़ताल बारीकी से की जाए तो इस गांव का हजारों वर्ष पुराना छिपा राज खुल सकता है।

दरअसल पन्ना के पन्ना टाइगर रिजर्व क्षेत्र अंतर्गत बीच जंगल में ललार गांव बसा हुआ है। इस गांव में आदिवासी समाज के लोग ज्यादातर निवास करते हैं। गांव में प्राचीन बावड़ी मौजूद थी, जिसकी कुछ साल पहले खुदाई की गई थी। यहां पर मिली मूर्तियां मंदिर के चबूतरे की चारों तरफ लगा दिया गया था। लेकिन इन मूर्तियों की पुरातत्व विभाग ने कोई जांच पड़ताल नहीं की।

वहीं गांव के निवासी जाहर सिंह ने बताया कि प्राचीन ऐतिहासिक बावड़ियों में अभी भी मूर्तियां लगी हुई हैं। जब बावड़ी सूखती है, तब मूर्तियां दिखाई देती हैं। बावड़ी में नीचे तक जाने के लिए सीढ़ियां बनी हुई है। जहां विभिन्न कलाओं से निर्मित हजारों वर्ष पुरानी मूर्तियां हैं, जो दसवीं शताब्दी की प्रतीक होती हैं।

**कराया जाएगा सर्वे कार्य:** पन्ना जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय से मूर्तियों की ऐतिहासिक के विषय जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि निश्चित ही आर्कियोलॉजिस्ट डिपार्टमेंट से इन मूर्तियों का सर्वे कराकर इतिहास जाना जाएगा। पूर्व में भी चौमुखा मंदिर में ऐतिहासिक मूर्तियां खुदाई में मिली है। इसी तरह ग्राम ललार में भी आर्कियोलॉजिस्ट विभाग को पत्र लिखकर सर्वे कराया जाएगा।

# मोहननिवास और गहरा में जलसकंट

## टैंकर से पेयजल सप्लाई, एक डिब्बे पानी के लिए घंटों करना पड़ रहा इंतजार



**मीडिया ऑडीटर, पन्ना निप्र।** जिले में इन दिनों भीषण गर्मी और आसमानी तपन से लोग तप रहे हैं। इस बीच अब लोगों को जलसंकट सामना करना पड़ रहा है। नगर के मोहननिवास और गहरा में पानी की सप्लाई टैंकरों के जरिए कराई जा रही है। जिसमें लोगों की भीड़ लग रही है। एक-एक डिब्बे पानी के लिए लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

गहरा निवासी देवेश कुमार ने बताया कि लोग पानी भरने के लिए टैंकर का इंतजार करते रहते हैं। काम छोड़ लोग पानी भर रहे हैं। मोहल्ले के कुआ-बावड़ी सूख चुके हैं।

इस वर्ष गर्मी के सीजन में मई और जून माह में रिकार्ड गर्मी के प्रकोप से लोग परेशान हैं। इस बीच जल का संकट भी जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ गया है। नगर के हालात भी दिन-प्रतिदिन बिगड़ते जा रहे हैं।

अब नगरपालिका क्षेत्र में विभिन्न मोहल्लों में पानी की सप्लाई टैंकरों के माध्यम से कराई जा रही है। जहां टैंकर पहुंचते ही लोग डिब्बे लेकर पानी भरने का इंतजार करते रहते हैं।

पन्ना नगर में पेयजल की सप्लाई के लिए धरमसागर, निरपत सागर, लोकपाल सागर तालाब व्यवस्थाएं राजाओं के समय से चली आ रही है। इसके अलावा शहर के कुआं, बावड़ी नगरवासियों की प्यास बुझाती रही है। लेकिन इस वर्ष रिकार्डतोड़ गर्मी का असर जलस्त्रोतों पर पड़ा है। कुंआ वाबड़ी सूख गए हैं। पिछले वर्ष अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस था, जो इस साल 46 डिग्री तक पहुंच गया।

# नगरपालिका के साथ साथ हमारी भी जिम्मेदारी है सफाई

## स्वच्छ रहेंगे तो स्वास्थ्य रहेंगे: डॉ अनूप मिश्रा



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** क्लीन सीधी ग्रीन सीधी की मुहिम लेकर सामाजिक कार्यकर्ता डॉ अनूप मिश्रा के आवाहन पर शहर के युवा लोग आज स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सामने वार्ड क्रमांक 5 में सफाई अभियान का शुभारंभ किया, जहां पर नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों ने जमकर मेहनत किया और कचरे को समेटकर उसे वहां से हटाया, उसके बाद डॉ अनूप मिश्रा ने कहा कि नगरपालिका के साथ साथ हमारी भी जिम्मेदारी है सफाई हम सब स्वच्छ रहेंगे तो स्वास्थ्य रहेंगे इस अभियान में प्रमुख रूप से इन्द्रवती नाट्य समिति के सचिव नीरज कुन्देर, अजीत सिंह लल्ला, माखन मिश्रा, नीलम पाण्डेय, प्रकाश प्रजापति सहित आधा सैकड़ा लोग उपस्थित रहे।

# हरिओम शुक्ला हत्याकाण्ड में दो आरोपी गिरफ्तार

## अभी तक 19 आरोपियों की हो चुकी गिरफ्तारी, अपाची बाइक व दो अवैध देसी कट्टा किया जब्त



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** सिटीकोटवाली थाना अंतर्गत 25 मार्च होली के दिन महोबा रोड में जमीनी विवाद के कारण गोली चलने से हरिओम शुक्ला की मृत्यु हो गई थी। जिसके बाद पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से भौतिक निरीक्षण करते हुए एकत्रित साक्ष्य, सक्षियो के कथनों व फरियादी के कथनों तथा चिकित्सीय रिपोर्ट के आधार पर हत्या करने वाले आरोपियों के विरुद्ध हत्या का अपराध दर्ज कर विवेचना व आरोपियों की तलाश प्रारंभ कर दी गई। अगम जैन द्वारा घटनास्थल का सुपरविजन कर विशेष टीम गठित अपराध की समीक्षा निरंतर की जा रही थी। अडिशनल विक्रम सिंह एवं सीएसपी पुलिस अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुजूर एवं गठित इस मामले में पुलिस टीम ने पूर्व में 13 आरोपीगणों-

आकाश यादव निवासी छतरपुर, अजय उर्फदीपू विश्वकर्मा हथियार विक्रेता ग्राम गहरवार, आकाश शर्मा, अजय राय, गोलू विश्वकर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, सौरभ सैनी, सुमित कुशवाहा, शिवम सोनी, अवधेश प्रताप सिंह, अजय राजपूत, सुधांशु रावत निवासी ग्राम पिपट, छोटू पंडित, अभिषेक परिहार को गिरफ्तार कर जेल व 3 विधि के खिलाफ किशोर को बाल सुधार गृह भेजा गया था।

हत्या में सम्मिलित अन्य आरोपियों की तलाश जारी थी। जिसके बाद एकत्रित साक्ष्य के आधार पर हत्या की घटना में सुनियोजित तरीके से सम्मिलित दो आरोपियों को रविवार दोपहर 3 बजे, अजय श्रीवास उर्फ पप्पू उम्र 21 वर्ष निवासी बी डी कॉलोनी देरी रोड छतरपुर, 2. पृथ्वीराज सिंह चंदेल उर्फछोटू उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम देरी को गिरफ्तार अभिरक्षा में लिया गया। इन आरोपियों ने हत्या की घटना में सम्मिलित होना स्वीकार किया। इन आरोपियों के पास से एक अपाची बाइक दो 315 बोर के अवैध देसी कट्टे व एक मोबाइल फोन जब्त किया गया। इस हरिओम शुक्ला हत्याकांड में दो आरोपी गिरफ्तार सहित अभी तक 19 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद कुजूर ने रविवार की शाम 5 बजे बताया कि उक्त अभियुक्तों को सोमवार को न्यायालय पेश कर जेल दाखिल किया जा रहा है। जिनकी विवेचना कार्यवाही अभी जारी है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन में लोगों ने निभाई सहभागिता





**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस से जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू किया गया। अभियान के तहत जिले भर में परंपरागत जल स्त्रोतों की साफ-सफाई तथा जीर्णोद्धार के कार्य किये गये। गांव-गांव जल कलश यात्राएं निकाल कर आमजनता को जल संरक्षण और संवर्धन के अभियान से जोड़ने का प्रयास किया गया। अभियान के दौरान तालाबों, स्टाप डैम, पुरानी बावड़ी, कुंओं तथा नदी घाटों की सफाई की गयी। जल संरक्षण के लिए कई नवीन कार्यों का भी शुभारंभ किया गया। जिले भर में गंगा दशहरा को अभियान का समारोह पूर्वक समापन हुआ। जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन पर जिले भर में कार्यक्रम आयोजित किये गये।

प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के उज्जैन में राज्य स्तरीय समारोह में उद्बोधन का सजीव प्रसारण दिखाया गया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में शामिल जिले के लाखों लोगों को जल संरक्षण का संकल्प दिलाया। सभी नगरीय निकायों में भी जल संवर्धन का संकल्प लिया गया।

गोपालदास बांध में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, जनपद अध्यक्ष सीधी धर्मेंद्र सिंह परिहार तथा कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा सहभागिता की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य केडी साकेत, पार्षद बाबूलाल कुशवाहा, सरपंच पड़रा अंजुलता कोल, वनमंडलाधिकारी क्षितिज कुमार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे, अपर कलेक्टर राजेश शाही, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा हिमांशु तिवारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अशोक तिवारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मिनी अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर आयोजित भजन संध्या कार्यक्रम में नन्हे प्रतिभागियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया गया।

# जल संकट काल में नगर परिषद ने लोगों व मवेशियों पर ढहा कहर

## आदिवासी हरिजन के निस्तारू तालाब का जेसीबी मशीन से खुदाई करवा निकला पानी

**मीडिया ऑडीटर, मझौली निप्र।** नगर प्रशासन मझौली आपने मनमानी पूर्ण कार्य प्रणाली रवैए के कारण जिले में ही नहीं बल्कि प्रदेश भर में चर्चित है। यहां तक की हरिजन आदिवासियों के लोगों पर भी कहर ढाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। जिसका ताजा हाल ही में हरिजन आदिवासियों के निस्तारू तलाव पुरैनिहा जिसमें हमेशा पानी भरा रहता था जिसमें वार्ड क्रमांक 5 एवं 6 के आदिवासी हरिजन नहाने धोने के लिए निस्तार करते थे मेड खुदाई करवा कर रातों-रात पानी निकाल दिए जाने का सामने आया था। जबकि इस जल संकट काल में कलेक्टर सीधी द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर कहा गया था कि बिना सक्षम अधिकारी के हनुमत के बिना किसी जल स्रोत से जलहन नहीं पहुंचाई जाएगी। यहां तक की जल स्रोतों से निर्माण कार्य के लिए भी जल का उपयोग प्रतिबंधित किया गया था लेकिन नगर परिषद प्रशासन बिना किसी सक्षम अधिकारी के अनुमति के कलेक्टर के आदेश निर्देश की अवहेलना करते हुए जेसी मशीन लेकर पहुंचे और 20 फीट गहरी चौड़ी तालाब की में की खुदाई करवा कर तालाब में भरा पानी निकलवा दिया गया। सुबह जब लोग उठे तो तालाब खाली था जिसे देख चकित रह गए लोगों की सूचना पर जब मीडिया के लोग वहां पहुंचे तो लोगों द्वारा बताया गया कि सामान्य लोग एवं मवेशियों के साथ प्रमुख रूप से हम हरिजन आदिवासी लोगों का नहाने धोने का निस्तार इसी तलाव से होता था लेकिन बिना किसी कारण बताएं रातों-रात तालाब की खुदाई करवा कर पानी निकाल दिया गया जिससे हम पर जल संकट आ गया है यहां तक की तालाब के किनारे खुदे कूप का पानी भी निचले स्तर पर पहुंच गया है जिसकी भी साफ सफाई नहीं कराई गई। नगर प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों से पूछताछ किए जाने पर गैर जिम्मेदाराना बयान देते हुए सीधे तौर पर कहा गया कि पूर्व से टेंडर था खुदाई करने के लिए पानी निकल गया है। जिसकी खबर भी प्रमुखता के साथ समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी लेकिन दो माह बीत जाने के बाद भले ही चाहे जहां जल भराव नहीं था यहां वहां की मिट्टी निकाल कर तालाब के किनारे लगा दी गई हो लेकिन जहां थोड़ा बहुत पानी भरा हुआ था वहां से दो माह बीत जाने के बाद भी खरपतवार हटाना उचित नहीं समझ गया जिससे हरिजन आदिवासियों को नहाने धोने के साथ मधेशियों को पीने के पानी की अभी भी दिक्कत बनी हुई है। सबसे चिंतनीय बात तो यह है कि नगर परिषद अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा की जा रही मनमानी पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई वहीं एक और जहां निर्वाचित अध्यक्ष अनुचित कार्य के पक्षधर दिख रहे हैं वहीं अन्य पार्षद प्रतिनिधि पूरी तरह से नगर परिषद के मनमानी पर लगाम लगाने से अक्षम दिख रहे हैं।

**सौन्दरीय करण के लिए बनाई गई दीवार भी तोड़ी:** अभी कुछ माह ही बीते होंगें तालाब की सौंदर्यीकरण के लिए कई लाख लागत राशि से तालाब के मेढ के नीचे 8 से 10 फीट की कंक्रीट दीवाल तैयार की गई थी तथा तालाब लगभग 20 मी चौड़ी मेड पर टाइल्स एवं दोनों और रेलिंग लगाई गई थी जिसे भी पानी निकालने के लिए मेढ खुदाई के समय क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। लोगों की माने तो इनका कहना है कि जहां से पानी निकल गया है वहां से अंश मात्र की मिट्टी नहीं निकली गई है यहां तक की यहां का खरपतवार भी नहीं निकल गया। खाली स्थान जहां पानी का भराव नहीं था वहीं टीकुर टाकर की मिट्टी निकाल कर तालाब के किनारे लगा दी गई है जिससे तालाब की एरिया सिकुड़ती जा रही है। नगर प्रशासन का कार्य हम लोगों के समझ से परे है आखिर किस हिसाब से कार्य किया जा रहा है इसकी जानकारी एक सामान्य लोगों को तो छोड़िए जनप्रतिनिधि एवं मीडिया को भी समुचित ढंग से नहीं दिए जा रही। अब देखना होगा खबर प्रशासन के बाद जिला प्रशासन ऐसे लापरवाह अधिकारी कर्मचारी पर क्या कुछ कार्यवाही कर पाएगा।

## ट्रेलर ने संग्राम बस को मारी ठोकर, बाल बाल बचे यात्री

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी से कुसमी की ओर और कुसमी से सीधी की ओर आने जाने वाली दैनिक यात्री बस हर दिन की तरह रविवार को भी कुसमी से सीधी की ओर लौट रही थी की गोतरा नहर के किनारे बजबई मार्ग में बस ड्राइवर सड़क के किनारे अपनी बस को खड़ी कर के पैसेंजर उतार रहा था कि सीधी तरफसे तेज गति से आ रहा ट्रेलर एमपी-17 ज़ेडएफ 7310 ने बस के दाहिने तरफबॉडी से सटाकर तेज गति से निकला जिससे पूरी बस ही हिल गई और पलटने से बच गई इस दौरान 2-3 यात्रियों को मामूली चोट भी आई जिन्हें बस के ड्राइवर कंडक्टर द्वारा उपचार भी कराया गया है ग्रामीण जनो ने बताया कि बस से सटाने के बाद ट्रेलर ड्राइवर इतनी तेज गति से गुडुआधार की ओर भागा की लोग हक्के बक्के रह गए ड्राइवर कंडक्टर और ग्रामीण जनो ने जब पीछा किया तो धुंआडोल गाँव में ड्राईवर ने बमुश्किल ट्रेलर को खड़ा किया उस समय ट्रेलर ड्राइवर शराब के नशे में धुत्त था जिसने नशा करना स्वीकार भी किया स्थानीय ग्रामीणों की समझाइश के बाद मामला वहीं सुलझ गया लेकिन चश्मदीदों की माने तो जिस तरह तेज गति से ट्रेलर ड्राइवर ने बस के बॉडी से सटाकर निकला बड़ा हादसा टलते ही टला लेकिन बस की बाडी को नुकसान हुआ है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मछुआ सहकारी समितियों द्वारा की जा रही सहभागिता



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मछुआ सहकारी समितियों द्वारा भी अपने तालाबों एवं जलाशयों में साफसफाई की जा रही है जिसमें समिति एवं समूहों के सदस्य उत्साह पूर्वक सम्मिलित हो रहे हैं। मछुआ सहकारी समिति कुसियरा द्वारा खोही तालाब तथा कुसियरा तालाब में, मॉ दुर्गा मत्स्यपालन सहकारी समिति डढ़िया द्वारा मोढ़ा तालाब में कुसमांजलि मछुआ सहकारी समिति भगवार कुसमी द्वारा तहसील के पास वाले तालाब तथा वारी नदी स्टॉप डैम में निषादराज मछुआ सहकारी समिति अमहा द्वारा जमधर सिंचाई जलाशय में, आदिवासी मछुआ सहकारी समिति पटेहरा कला गोरियरा द्वारा शहर के समीप स्थित गोरियरा जलाशय में सफाई अभियान चलाया गया। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में मछुआ सहकारी समितियां जल गंगा संवर्धन अभियान को अपने तालाबों जलाशयों में साफसफाई का अवसर मान कर कार्य कर रही है।

# अस्पताल के अंदर दो गुटों में हुई मारपीट

## शराब के नशे में मचाया उत्पात, घटना के 4 घंटे बाद पुलि, पहुंची



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत शनिवार की देर रात जिला अस्पताल में शराब के नशे में दो पक्षों ने आपस में की मारपीट मारपीट की घटना में आधा दर्जन लोग आपस में लड़ते नजर आ रहे हैं। यह घटना चौथी मंजिल में भर्ती मरीज के परिजन लिफ्ट में जा रहे थे। तभी कुछ लोग शराब के नशे में थे। जिनसे उनका विवाद हो गया था। जिसकी सूचना सिटी कोतवाली थाना पुलिस को दी गई सिटी कोतवाली पुलिस 4 घंटे बाद पहुंची तब तक आरोपी मौके से निकल गए जिला अस्पताल में हो रही मारपीट के वीडियो अस्पताल में मौजूद मरीज के परिजनों ने मोबाइल में कैद कर लिए जिसके बाद यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर हो रहे हैं वायरल।

शनिवार की रात 11,30 बजे मरीज के परिजन चौथी मंजिल पर में भर्ती मरीज से मिलने के लिए जा रही थी तभी लिफ्ट में मौजूद शराब के नशे में 3 लोगों ने उनके साथ अभद्रता कर दी ओर उनके बीच बहस हो गई ,इसके बाद दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडो से जमकर मारपीट हुई तभी अस्पताल में मौजूद गार्ड और अस्पताल चौकी में पदस्थ पुलिस ने उनके बीच बचाव करते हुए उन्हें रोका लेकिन जब मामला शांत नहीं हुआ तो अस्पताल चौकी ने रात 11,30 पर जानकारी दी,लेकिन थाना पुलिस को सूचना लगने के बाद 2,30 बजे अस्पताल पुलिस पहुची , तब तक घटना को 4 घंटे हो चुका था आरोपी मौके से फरार हो चुके थे, जिला अस्पताल में हुई मारपीट के वीडियो अस्पताल में मौजूद मरीज के परिजनों ने वीडियो बनाई और सोशल मीडिया पर डाल दिए जो अब रविवार की सुबह 10 बजे से सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं।

# विचार

## लोकसभा 2024 का जनादेश रखता है मायने अनेक

लोकसभा चुनाव का शोर थम गया है। अब नतीजों की समीक्षा का दौर है। सभी दलों के नेता अपनी-अपनी खामियां और खूबियों का आकलन कर रहे हैं। मगर आम आदमी के नज़रिये से देखा जाए तो यह चुनाव कई मायनों में निचले से निचले स्तर पर जाता दिखा। तमाम दलों के नेता उनके समर्थक बार-बार अपनी जुबान से जहर उगलते रहे। जाति, धर्म, राम मंदिर, आरक्षण, मुस्लिम आरक्षण, संविधान, महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, ईवीएम, किसान से लेकर वो जिहाद, मंगलसूत्र, मुजरा, कानून व्यवस्था, बाहुबली, मिट्टी में मिल गये माफिया, मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाएं सब छाये रहे। एनडीए सरकार की सभी योजनाओं में से प्रति व्यक्ति 5 किलो मुफ्त अनाज सबसे प्रभावी और दूरगामी प्रतीत हुआ। जाति या समुदाय से इतर दूरदराज के इलाकों में जितने भी लोगों से बात हुई, उनमें से अधिकांश ने माना कि उन्हें मुफ्त अनाज मिला है। जरूरतमंदों ने इसके लिए सरकार की खूब सराहना की। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान स्वास्थ्य योजना का फायदा उठाने वाला एक बड़ा वर्ग बीजेपी की हौसला अफजाई करता रहा। गुलाम कश्मीर, पाकिस्तान और चीन की भी खूब बात हुई। जीवन और आजीविका के रोजमर्रा के संघर्ष-रोटी-कपड़ा और रोजगार पूर्वी और पश्चिमी यूपी में हर किसी चुनावी चर्चा का अभिन्न अंग तो रहे, लेकिन चुनावी चर्चा में जाति और समुदाय की केंद्रीयता ज्यादा बनी रही। मोटे तौर पर भाजपा के सामाजिक गठबंधन (उच्च जातियां, पटेल, निषाद और अन्य जैसे गैर-यादव ओबीसी) और समाजवादी पार्टी (यादव-मुस्लिम) बरकरार हैं। वहीं बसपा अपने दलित कोर वोटरों पर ध्यान केंद्रित करें रही। कई नेताओं ने इधर से उधर पल भी बदला। पूरे देश की तरह उत्तर प्रदेश में पूरी चुनावी बहसों के केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही नज़र आए। यहाँ तक कि कई जगह तो भाजपा उम्मीदवार के नाम तक की चर्चा भी नहीं देखने को मिली। ऐसा लग रहा था जैसे नेताओं के सामने पार्टी गौण हो गई थी।यह नजरा बीजेपी,कांग्रेस ही नहीं सभी दलों में देखने को मिला।वहीं कुछ अहम मुद्दे छूट भी गए। खासकर पर्यावरण प्रेमी इस बात से नाराज दिखे कि पर्यावरण, जल, जंगल,जमीन की ओर किसी का ध्यान नहीं गया। लोकतंत्र की बुनियाद चुनाव हैं और चुनाव में नेता और वोटर एक-दूसरे को संवाद व अन्य माध्यमों से परखते हैं, लेकिन अब संवाद का सिलसिला काफी बदल गया है। बड़े नेताओं की जनसभाओं के दौरान सब कुछ मोबाइल से हो रहा है। सोशल मीडिया पर अलग से लड़ाई जारी थी। एक समय था जब लाउडस्पीकर लगी जीप गांवों में पहुंचती थी, तो बच्चे उसके पीछे भागने लगते थे। इस जीप से बिल्ला लुटाए जाते थे। इन पर प्रत्याशियों की फोटो और चुनाव चिन्ह छपा होता था। बिल्ले को लूटने और इकट्ठा करने का उस वक्त बच्चों से लेकर युवाओं तक में अलग ही क्रेज था। इसी से हमको पता चलता था कि चुनाव आ गया है। यादों के फ्लैशबैक से यह कहना है बरौला निवासी चौधरी बीसी प्रधान का। वह बताते हैं कि अब सोशल मीडिया पर प्रत्याशियों की रील दिखती हैं और वाट्सऐप मेसेज से पता चल रहा है। वक्त के साथ प्रचार सामग्री में यह बड़ा बदलाव आया है। पहले की तरह कपड़े के बैनर और झंडे भी अब नजर नहीं आते हैं। यही नहीं इस चुनाव में दीवारों पर चिपकाए जाने वाले कागज के पोस्टर भी नजर नहीं आ रहे हैं। इस बदलाव को 35-40 साल की उम्र वाला तबका महसूस कर रहा है। अतीत पर नजर डाली जाये तो पहले राष्ट्रीय दलों के प्रचार के तरीकों और सामग्री की पहुंच आसान थी। चुनावी नारों और लाउडस्पीकर पर बजने वाली रेकार्डेड कैसेट में हर दल के गाने भी अलग रहते थे। इन गानों के बजने से ही घरों में बैठे लोग यह जान जाते थे कि कौन से दल का प्रचार वाहन आया है। अब चुनाव आयोग की बंदिशों के साथ शहरीकरण से छाए शोर में लाउडस्पीकर उपयोगी नहीं बचा है। यही नहीं चुनावी सभाओं में भी अब लाउडस्पीकर की जगह साउंड ही नजर आते हैं।

# जी-7 देशों को साधकर चीनी चुनौतियों का मुकाबला कर सकता है भारत

कमलेश पांडे

**दुनिया की सात सबसे बड़ी और विकसित अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों के समूह जी-7 के शिखर सम्मेलन में चीन के खिलाफ कड़े आर्थिक प्रतिबंधों के संकल्प प्रस्ताव को जो मंजूरी दी गई है, उसके वैश्विक मायने स्पष्ट हैं। इन संकल्पों के वैश्विक अर्थव्यवस्था पर दूरगामी प्रभाव पड़ेंगे। हालांकि रूस, चीन और अरब देशों के ईरान-तुर्किये समर्थित एक धड़े की तिकड़ी के सामने वो कितने टिकेंगे, यह तेजी से बदलता हुआ वक्त बताएगा। खासकर भारत और उसके पीछे लामबंद तीसरी दुनिया के देश यदि तटस्थ हो गए, तब क्या होगा, यह समझना भी जरूरी है। वैसे तो जी-7 शिखर सम्मेलन में इस प्रस्ताव पर भी सहमति जताई गई कि उन चीनी कम्पनियों के खिलाफ भी प्रतिबंध लगाए जाएंगे, जिन्होंने यूक्रेन के खिलाफ रूस की मदद की है। खास तौर पर चीन के उन वित्तीय संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे, जिन्होंने रूस को यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के लिए हथियार हासिल करने में मदद की है।**



सम्भवतया भारत भी उनमें से एक हो सकता है, क्योंकि उसका रूसी प्रेम जगजाहिर है। वहीं, शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन जी-7 में शामिल मेजबान इटली के साथ अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, जापान और कनाडा ने चीन के खिलाफ जिन दो संकल्पों को मंजूरी दी, वो भी निकट भविष्य में अपना असर जरूर दिखाएंगे। क्योंकि इनमें उन संस्थाओं के खिलाफ भी प्रतिबंध लगाने का वादा किया गया है, जिन्होंने धोखाधड़ी से तेल की ढुलाई करके रूस को प्रतिबंधों से बचने में मदद की है। स्वाभाविक है कि भारत भी उनमें से एक हो सकता है, क्योंकि उसने रूस से बड़े पैमाने पर सस्ते कच्चे तेल की खरीददारी की और उसे यूरोपीय बाजारों तक पहुंचाकर भारी मुनाफा कमाया। वहीं, जी-7 के नेताओं ने एक साझा वक्तव्य में कहा कि वे यूक्रेन के खिलाफ रूस की मदद करने वाली तीसरे देशों की संस्थाओं और व्यक्तियों को अपनी वित्तीय प्रणालियों तक पहुंच से प्रतिबंधित करेंगे। इसमें भी शक की सुई भारत और उसके समर्थक तीसरी दुनिया के देशों की ओर घूम सकती है। लेकिन भारत पर निशाना साधने से पश्चिमी देशों का खेल गड़बड़ा सकता है, इसलिए उन्होंने रणनीतिक रूप से चीन पर निशाना साधा है, जो रूस का सबसे बड़ा और भरोसेमंद वैश्विक रणनीतिक पार्टनर बन चुका है। यही वजह है कि जी-7 देशों ने चीन के अनुचित व्यापारिक व्यवहार के खिलाफ भी कार्रवाई का संकल्प लिया है। खासतौर पर चीन के साथ व्यापार घाटे को कम करने पर जोर देने की बात कही है। इसके अलावा, चीन को निर्यात नियंत्रण के जरिए आपूर्ति श्रृंखलाओं को प्रभावित करने से परहेज करने की भी चेतावनी दी गई है, खास तौर पर चिप व इलेक्ट्रॉनिक्स के निर्माण में काम आने वाले अहम खनिजों पर एकतरफा निर्यात प्रतिबंधों को अनुचित करार दिया। वहीं, जी-7 ने चीन की कुटिल चालों से अपने व्यवसायों की रक्षा करने और चीन के साथ व्यापार में संतुलन लाने के लिए कार्रवाई करने की बात की है। इसके अलावा, अपने मसौदा बयान में कहा है कि हम दक्षिण चीन सागर में चीन के सैन्य बल और समुद्री मिलिशिया के खतरनाक इस्तेमाल और देशों की गहरे समुद्रों में नौवहन की स्वतंत्रता में बार-बार बाधा डालने, बलपूर्वक एवं धमकाने वाली गतिविधियों का विरोध करना जारी रखेंगे। इसके अलावा, जी-7 देश तबतक यूक्रेन के पीछे खड़े रहेंगे जबतक जरूरत होगी। यूक्रेन के पुनर्निर्माण के लिए समूह पूरी मदद देता रहेगा। अब गौर करने वाली बात यह है कि जी-7 देश जहां रूस समर्थक चीन को ललकार रहे हैं, वहीं रूस के भरोसेमंद मित्र भारत को पुचकार रहे हैं। तभी तो दुनिया के सबसे शक्तिशाली सात देशों के संगठन जी-7 का सदस्य न होने के बावजूद इसकी शिखर बैठकों में पिछले कई सालों से भारत को महत्व दिया जा रहा है, जो अंतर्राष्ट्रीय समुदाय में भारत की बढ़ती धमक को ही दर्शाता है। गोया, इस बार भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल की पहली विदेश यात्रा के तौर पर जी-7 देशों के सम्मेलन में शिरकत करने के लिए इटली पहुंचे हैं, जिसके अपने खास मायने हैं, जो स्पष्ट हैं। खासकर ऐसे वक्त में जब यूक्रेन युद्ध अपने तीसरे वर्ष में पहुंच गया है, इजरायल-हमास युद्ध भी खत्म होता नहीं दिख रहा है और यूरोपीय देशों के चुनावों में राजनीति का चेहरा बदलता दिख रहा है, दुनिया की सर्वाधिक उन्नत अर्थव्यवस्थाएं मिलकर आगे की रणनीतियों पर विचार कर रही हैं, तब अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका और एशिया-प्रशांत के बारह विकासशील देशों को भी इस चर्चा में शामिल करने का अर्थ स्पष्ट है कि उनका कोई भी सार्थक मकसद इनके सहयोग के बिना पूरा नहीं हो सकता है। ऐसा इसलिए कि भारत, दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील जैसे देश जी-7 के लिए महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि ये तीनों ही देश जी-7 के प्रबल प्रतिद्वंद्वी रूस और चीन के साथ ब्रिक्स समूह का भी हिस्सा हैं। वहीं, संयुक्त राष्ट्र जिस तेजी से अपनी प्रासंगिकता खो रहा है, और चतुरसुजान देशों द्वारा उसे खोने दिया जा रहा है, उसे देखते हुए वैश्विक व्यवस्था में जी-7 जैसे क्षेत्रीय संगठनों का महत्व बढ़ा है। हालांकि, यह भी एक तल्ख सच्चाई है कि जी-7 भी अब उतना मजबूत नहीं दिखता है, जितना पहले दिखता था। क्योंकि 1980 के दशक में जी-7 देशों का जीडीपी वैश्विक जीडीपी का करीब 60 फीसदी था, जो अब घटकर 40 फीसदी रह गया है। वहीं, पिछले एक दशक में भारत को देखने का दुनिया का नजरिया बदला है, तो जिसकी साफ वजहें भी हैं। ऐसे समय में जब ज्यादा देशों की अर्थव्यवस्थाएं स्थिर बनी हुई हैं, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष व विश्व बैंक जैसी प्रतिष्ठित संस्थाएं भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक मान रही हैं। इसके अतिरिक्त, भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ब्रिटेन के बराबर है, तो फ्रांस, इटली और कनाडा जैसे देशों से कहीं ज्यादा है। लेकिन भारत को मिलने वाले महत्व की एक बड़ी वजह यह भी है कि भारत जहां दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, तो जी-7 भी लोकतांत्रिक देशों का समूह है। लिहाजा, यह भारत की कूटनीतिक कामयाबी ही है कि आज अमेरिका, रूस और यूक्रेन, तीनों भारत से नजदीकी सम्बंध चाहते हैं। वैश्विक आयोजनों में भारत की बढ़ती भागीदारी, वैश्विक चुनौतियों को हल करने में भारत के महती प्रयासों की बढ़ती मान्यता को ही दर्शाती है। इसलिए भारत को अपनी गुटनिरपेक्ष नीतियों पर चलते हुए वैश्विक संघर्ष को संतुलित करने की दिशा में अपना अहम योगदान देना चाहिए। चीनी कुटिल चालों का यही सुलझा हुआ जवाब भी होगा।

### चीन की चुनौती एल.ए.सी. तक सीमित नहीं

चीन की चुनौती वास्तविक है और यह वास्तविक नियंत्रण रेखा पर 4 साल तक चले गतिरोध तक सीमित नहीं है। इसकी सर्वव्यापकता पूरे विश्व में है और यह केवल भूमि, समुद्री और साइबर डोमेन तक सीमित नहीं है। इसकी वास्तविक प्रमुखता विरासत और अत्याधुनिक विज्ञान दोनों के क्षेत्र में है। उन्नत प्रौद्योगिकी की उच्च-दांव वाली दुनिया में, अत्याधुनिक तकनीक पर ध्यान केंद्रित करना आसान है जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम कम्प्यूटिंग और 5-जी नैटवर्क में नवीनतम सफलताएं शामिल हैं। लेकिन जैसे-जैसे अमरीका और चीन तकनीकी वर्चस्व के लिए भीषण लड़ाई में लगे हैं, इस संघर्ष में एक महत्वपूर्ण मोर्चा काफी हद तक अनदेखा हो रहा है जिसे विरासत सैमीकंडक्टर कहते हैं। विरासत चिप्स, जिन्हें परिपक्व नोड सैमीकंडक्टर रूप में भी जाना जाता है आधुनिक दुनिया के अनसुने कार्यकर्त्ता हैं। बहुत सारे कम्प्यूटर चिप्स अग्रणी नहीं हैं। वे 'विरासत', 'अनुगामी' या 'आधारभूत' चिप्स हैं। 14 नैनोमीटर या उससे बड़े ट्रांजिस्टर के साथ, ये चिप्स ऑटोमोबाइल और घरेलू उपकरणों से लेकर फैक्ट्री उपकरण, चिकित्सा उपकरण और यहां तक कि सैन्य प्रणालियों तक हर चीज को शक्ति प्रदान करते हैं 'वे सर्वव्यापी हैं इसलिए वे आवश्यक हैं।' उनमें अपने अत्याधुनिक समकक्षों की तरह चर्चा और आकर्षण की कमी हो सकती है लेकिन विरासत चिप्स वैश्विक अर्थव्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बिल्कुल महत्वपूर्ण हैं। इन चिप्स का महत्व यूक्रेन में स्पष्ट रूप से दर्शाया गया था, जहां जब्त किए गए रूसी सैन्य उपकरणों में डिशवॉशर और रैफ्रिजरेटर से निकाले गए सैमीकंडक्टर भरे हुए पाए गए थे। यही कारण है कि दुनिया को इस महत्वपूर्ण क्षेत्र पर हावी होने के लिए चीन के आक्रामक प्रयास के बारे में गहराई से चिंतित होना चाहिए। पिछले कुछ वर्षों में, चीन आत्मनिर्भरता और वैश्विक श्रेष्ठता प्राप्त करने के लक्ष्य के साथ विरासत चिप उत्पादन में चौंका देने वाली रकम लगा रहा है। 2022 में, चीनी फाऊंड्रीज ने पहली बार 10 प्रतिशत वैश्विक बाजार हिस्सेदारी हासिल की। 2027 तक चीन को विरासत चिप बाजार के चौंका देने वाले 39 प्रतिशत हिस्से को नियंत्रित करने का अनुमान है। इस खतरनाक विस्तार को भारी सरकारी सबसिडी द्वारा बढ़ावा दिया जा रहा है जिसने चीनी फर्मों को तेजी से बढने और विदेशी प्रतिस्पर्धियों को मात देने की अनुमति दी है। यह रणनीति बिल्कुल वैसी ही है जैसे चीन ने सोलर पैनल और 5 प्रतिशत इंफ्रास्ट्रक्चर पर अपना दबदबा बनाया जिसमें चीन ने सस्ते, सबसिडी वाले उत्पादों से बाजार को भर दिया और बाकी सभी को व्यवसाय से बाहर कर दिया।

# भारत सहित विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंक बढ़ा रहे है अपने स्वर्ण भंडार

प्रह्लाद सबनानी

हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विदेशी बैंकों में रखे भारत के 100 टन सोने को ब्रिटेन से वापिस भारत में ले आया गया है। यह सोना भारत ने ब्रिटेन के बैंक में रिजर्व के तौर पर रखा था और इस पर भारत प्रतिवर्ष कुछ फीस भी ब्रिटेन के बैंक को अदा करता रहा है। समस्त देशों के केंद्रीय बैंक अपने यहां सोने के भंडार रखते हैं ताकि इस भंडार के विरुद्ध उस देश में मुद्रा जारी की जा सके (भारत में 308 टन सोने के विरुद्ध रुपए के रूप में मुद्रा जारी की गई है, यह सोने के भंडार भारतीय रिजर्व बैंक के पास जमा हैं) और यदि उस देश की अर्थव्यवस्था में कभी परेशानी खड़ी हो एवं उस देश की मुद्रा का तेजी से अवमूल्यन होने लगे तो इस प्रकार की परेशानियों से बचने के लिए उस देश को अपने स्वर्ण भंडार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेचना पड़ सकता है। इस कारण से विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंक अपने पास स्वर्ण के भंडार रखते हैं। पूरे विश्व में उपलब्ध स्वर्ण भंडार का 17 प्रतिशत हिस्सा विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंकों के पास जमा है। भारतीय रिजर्व बैंक के पास भी 822 टन के स्वर्ण भंडार हैं। सुरक्षा की दृष्टि से इसका 50 प्रतिशत से अधिक भाग, अर्थात लगभग 413.8 टन, भारत के बाहर अन्य केंद्रीय बैंकों विशेष रूप से बैंक आफ इंग्लैंड एवं बैंक आफ इंटर्नैशनल सेटल्मेंट के पास रखा गया है। उक्त वर्णित 308 टन के अतिरिक्त 100.3 टन स्वर्ण भंडार भी भारतीय रिजर्व बैंक के पास जमा है। वर्ष 1947 में भारत के राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व ही भारत ने अपने स्वर्ण के भंडार बैंक आफ इंग्लैड में रखे हुए हैं। इसके बाद 1990 के दशक में भी भारत ने अपनी आर्थिक परेशानियों के बीच अपने स्वर्ण भंडार को बैक आफ इंग्लैंड में गिरवी रखकर अमेरिकी डॉलर उधार लिए थे। विभिन्न देशों द्वारा लंदन में स्वर्ण भंडार इसलिए रखे जाते हैं क्योंकि लंदन पूरे विश्व का सबसे बड़ा स्वर्ण बाजार है और यहां स्वर्ण को सुरक्षित रखा जा सकता है। यहां के बैकों द्वारा विभिन्न देशों को स्वर्ण भंडार के विरुद्ध अमेरिकी डॉलर एवं ब्रिटिश पाउंड में आसानी से ऋण प्रदान किया जाता है बल्कि यहां पर स्वर्ण भंडार को आसानी से बेचा भी जा सकता है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण के कई खरीदार यहां आसानी से उपलब्ध रहते हैं। कुल मिलाकर इंग्लैंड स्वर्ण का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत बड़ा बाजार हैं। लंदन के बाद न्यूयॉर्क को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण का एक बड़ा बाजार माना जाता है। भारत को इस स्वर्ण भंडार को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिवर्ष फी के रूप में कुछ राशि बैंक आफ इंग्लैंड को अदा करनी होती थी अत: अब भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 100 टन स्वर्ण भंडार को भारत लाने के बाद इस फी की राशि को अदा करने से भी भारत बच जाएगा। दूसरे अपने यहां स्वर्ण भंडार रखने से भारत के पास सदैव तरलता बनी रहेगी। जब चाहे भारत इस स्वर्ण भंडार का इस्तेमाल स्थानीय अथवा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने हित के लिए कर सकता है। वर्ष 2009 में भारत ने 200 टन का स्वर्ण भंडार अंतरराष्ट्रीय बाजार में 670 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि अदा कर खरीदा था। 15 वर्ष




वर्ष बाद पुन: भारत ने अपने स्वर्ण भंडार में वृद्धि करने का निश्चय किया है। स्वर्ण भंडार सहित आज भारत के विदेशी मुद्रा भंडार 65,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के उच्चत्तम स्तर पर पहुंच गए हैं और यह भारत के लगभग एक वर्ष के आयात के बराबर की राशि है। अत: अब भारत को अपने स्वर्ण भंडार बेचने की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी इसलिए भी भारत ने ब्रिटेन में स्टोर किए गए अपने स्वर्ण भंडार को भारत में वापिस लाने का निर्णय किया है। विश्व में आज विभिन्न देश अपने विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाने के उद्देश्य से अपने पास स्वर्ण के भंडार भी बढ़ाते जा रहे हैं। आज पूरे विश्व में अमेरिका के पास सबसे अधिक 8133 मेट्रिक टन स्वर्ण के भंडार है, इस संदर्भ में जर्मनी, 3352 मेट्रिक टन स्वर्ण भंडार के साथ दूसरे स्थान पर एवं इटली 2451 मेट्रिक टन स्वर्ण भंडार के साथ तीसरे स्थान पर है। फ्रांस (2437 मेट्रिक टन), रूस (2329 मेट्रिक टन), चीन (2245 मेट्रिक टन), स्विजरलैंड (1040 मेट्रिक टन) एवं जापान (846 मेट्रिक टन) के बाद भारत, 812 मेट्रिक टन स्वर्ण भंडार के साथ विश्व में 9वें स्थान पर है। भारत ने हाल ही के समय में अपने स्वर्ण भंडार में वृद्धि करना प्रारम्भ किया है एवं यूनाइटेड अरब अमीरात से 200 मेट्रिक टन स्वर्ण भारतीय रुपए में खरीदा था। हाल ही के समय में चीन का केंद्रीय बैंक भारी मात्रा में अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्वर्ण की खरीद कर रहा है। कुछ अन्य देशों के केंद्रीय बैंक भी अपने स्वर्ण भंडार में वृद्धि करने में लगे हैं। इसके चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्वर्ण के दामों में बहुत अधिक वृद्धि देखने में आई है और यह 2400 अमेरिकी डॉलर प्रति आउंस तक पहुंच गई है।

कई देश संभवत- अपने विदेशी मुद्रा के भंडार में अमेरिकी डॉलर की तुलना में स्वर्ण भंडार को अधिक महत्व दे रहे हैं, क्योंकि अमेरिकी डॉलर पर अधिक निर्भरता से कई देशों को आर्थिक नुक्सान झेलना पड़ रहा है। यदि अमेरिकी डॉलर अंतरराष्ट्रीय बाजार में मजबूत हो रहा हो तो उस देश की मुद्रा का अवमूल्यन होने लगता है। इससे उस देश में वस्तुओं का आयात महंगा होने लगता है और उस देश में मुद्रा स्फीति के बढ़ने का खतरा बढ़ जाता है। इन विपरीत परिस्थितियों में घिरे देश के लिए स्वर्ण भंडार बचाव का काम करते हैं। इसलिए आज लगभग प्रत्येक देश के केंद्रीय बैंक अपने स्वर्ण भंडार को बढ़ाने के बारे में विचार करते हुए नजर आ रहे हैं।

# बॉयफ्रेंड के साथ तैरती लाश देखने गई पत्नी

## कहा-पति की हत्या किए, मुझे यकीन नही चलकर लाश दिखाओ, 3 आरोपी पकड़ाए





**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक पति की उसकी पत्नी ने बॉयफ्रेंड और दोस्त के साथ मिलकर हत्या कर दी। बॉयफ्रेंड जब हत्या करके वापस आया तो उसने प्रेमिका को मर्डर की जानकारी दी। लेकिन उसे पति की मौत पर यकीन नहीं हुआ, वो लाश देखने की जिद करने लगी। बात मानकर अगले दिन बॉयफ्रेंड अपनी प्रेमिका के साथ पति की खारुन नदी में तैरती हुई लाश को दिखाने ले गया।

हत्या की ये खौफनाक कहानी रायपुर के पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र की है। पुलिस को 10 जून को एक युवक की भाठागांव स्थित केसरी बगीचा के पास लाश मिली। पुलिस ने लाश की पहचान के लिए उसकी फोटो सभी थानों पर भिजवा दी। दो दिनों बाद मृतक की पत्नी मीना यादव अपने परिवार वालो के थाने पहुंची। उसने लाश की पहचान अपने पति विधाता यादव(30) निवासी सयासीपारा खमतराई के तौर पर की। इस बीच लाश की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गई। जिसमें पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर जांच में जुट गई।

**मोबाईल के कॉल डिटेल से हुआ खुलासा:** पुलिस ने मृतक के कॉल डिटेल को खंगाला। तो उसमें पत्नी मीना यादव का मोबाइल नंबर दिखा। जब पत्नी के कॉल डिटेल को पुलिस ने जांचा तो एक अन्य व्यक्ति का मोबाइल नंबर दिखा। जिससे मीना यादव बार-बार फोन में बात किया करती थी। ये फोन नंबर मौदाहापारा के रहने वाले अमजद खान का था। जानकारी मिली कि मृतक विधाता यादव इसी व्यक्ति से किराए पर ऑटो लेकर चलाता था। उसकी पत्नी मीना यादव का अमजद खान के साथ अफेयर था। उसी ने मीना को डेढ़ साल पहले मोबाइल फोन और सिम दिया था। जिससे दोनों आपस में बात कर सके। इस अफेयर की भनक विधाता यादव को थी। जिस वजह से पति-पत्नी के बीच आपस में लड़ाई भी होती थी। मीना उसे रास्ते से हटाना चाहती थी।

**बॉयफ्रेंड को कहा-हत्या कर दो:** मीना अपने बॉयफ्रेंड अमजद खान के साथ मिलकर हत्या करने का दबाव डालने लगी। इस बीच एक तीसरे शख्स अन्नू प्रजापति की एंट्री हुई। अन्नू भी अमजद से किराए पर ऑटो लेकर चलाता था। अन्नू पहले उत्तरप्रदेश में हत्या के प्रयास और छेड़छाड़ के मामले में जेल जा चुका है। अमजद ने मीना और अन्नू के साथ मिलकर विधाता को जान से मारने की प्लानिंग की। जिसके बाद अन्नू और अमजद ने विधाता को शराब पार्टी के लिए बुलाया। तीनों ने भाठागांव के सुनसान केसरी बगीचा के पास बैठकर शराब पी।

**लोहे के पटिया से सिर पर मारा:** इस बीच आरोपियों ने नशे में चूर हो चुके विधाता के सिर पर लोहे की पटिया से वार कर दिया। उसकी तड़पते हुए मौत हो गई। उन्होंने लाश को नदी पर फेंक दिया। हत्या के दौरान मीना अपने पति विधाता और प्रेमी दोनों को बार-बार फोन करते रही। वह कंफर्म करना चाहती थी कि मर्डर हुआ है या नहीं। अमजद ने बताया कि हत्या हो चुकी है। लेकिन उसे यकीन नहीं हुआ। वह लाश देखने की जिद करने लगी।

**नदी में तैरती लाश देखकर शांत हुई:** परेशान होकर अगले दिन अमजद उसे स्कूटी में बैठाकर घटनास्थल पर ले गया। नदी में बहाव कम होने से लाश खारुन नदी के ऊपर तैर रही थी। पति की लाश देखकर वह शांत हुई। पुलिस को इस पूरे हत्याकांड में मोबाइल की कॉल डिटेल, लोकेशन और आसपास मौजूद सीसीटीवी फुटेज से सब कुछ साफ हो गया। आरोपी भी पूछताछ में टूट गए। इस मामले को लेकर पुरानी बस्ती टैन्यू राजेश देवांगन ने बताया कि अमजद खान, मीना यादव और अन्नू प्रजापति को हत्या के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

## कार लोड कंटेनर को ट्रक ने मारी टक्कर,एक की मौत

**मीडिया ऑडीटर, कोंडागांव एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कोड़ागांव में एनएच-30 पर नई कारों भरी कंटेनर और कोयला लोड ट्रक में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसे में ट्रक ड्राइवर की ऑन द स्पॉट डेथ हो गई। बताया जा रहा है कि हादसा शनिवार दोपहर ढाई बजे के आसपास हुई है।

पूरा मामला कोंडागांव थाना क्षेत्र के दूधगांव का है। मिली जानकारी के मुताबिक हादसे में ट्रक कंडक्टर की हालत गंभीर है, जिसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके साथ ही कार लोड कंटेनर के ड्राइवर को भी चोटें आई हैं।

**कोयला लोड ट्रक ने मारी टक्कर:** बताया जा रहा है कि कार लोड कंटेनर रायपुर से जगदलपुर ओर जा रहा था, वहीं कोयला लोड ट्रक जगदलपुर से रायपुर की ओर जा रहा था। इस बीच तेज रफ्तार ट्रक ने कंटेनर को टक्कर मारी। हादसा भीषण होने के कारण ट्रक चालक ने मौके पर दम तोड़ दिया।

# कब्र खोदकर युवती के शव से काट ले गए हाथ-खोपड़ी

## काले जादू के लिए वारदातय ग्रामीणों की पुलिस से बहस, घेरा थाना



**मीडिया ऑडीटर, गरियाबंद एजेंसी:** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में कब्र खोदकर युवती के शव से हाथ, खोपड़ी और अन्य अवशेष काट ले गए। बताया जा रहा है कि तांत्रिक सिद्धि के लिए वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने इस मामले में कथित तांत्रिक और उसके 2 सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया है।

हालांकि पुलिस अभी तक शव से गायब हुए अंगों का पता नहीं लगा सकी है। इसके बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए हैं। बड़ी संख्या में रविवार दोपहर ग्रामीणों ने फिंगेश्वर थाने का घेराव कर दिया है। ग्रामीण मुख्य आरोपियों को भी पकड़ने की मांग कर रहे हैं।

**ग्रामीणों और पुलिस में बहस, नहीं मिले बॉडी पार्ट्स:** इससे पहले ग्रामीणों और पुलिसकर्मियों के बीच सुबह जमकर बहस भी हुई। पुलिस के साथ-साथ करीब 150 ग्रामीण शवों के गायब अंगों की तलाश कर रहे थे। इस दौरान आरोपी भी साथ थे, लेकिन उनके बताए एक भी स्थान पर अंग नहीं मिल रहे। तनाव की स्थिति को देखते हुए मौके पर अतिरिक्त पुलिस बल मौजूद है।

**पहले जानिए मामला क्या है:** पसौदा गांव में 13 अप्रैल को रोशनी साहू (25) की मौत हो गई। वह सिकलिन बीमारी से ग्रसित थी। सामाजिक रिवाज के मुताबिक, परिजनों ने शव को दफ्ना दिया दिया था। इस बीच एक दिन परिजन कब्र के पास गए थे, तो वहां उन्हें खुदाई के प्रमाण मिले। इसके बाद परिजनों ने ग्रामीणों और पुलिस को सूचना दी।मामला सामने आने के बाद ग्रामीणों और परिजनों ने कब्र के पास जमकर हंगामा किया। कब्र से छेड़छाड़ करने की आशंका पर जब शक के आधार पर ग्रामीणों की मीटिंग की गई। इसमें पता चला कि युवती के शव से अंग निकाले गए हैं।

**तीन दिन से चल रहा है हंगामा, आज भड़के ग्रामीण:** कब्र से युवती के अंग गायब होने का मामला 3 दिन से चल रहा है। मामला पहले ग्राम सभा में गया था। वहां बैठक में संदेहियों से पूछताछ हुई। इस दौरान तांत्रिक लाला के सहयोगी कंगलू और गेंदलाल ने बताया था कि शव के एक हाथ निकालकर बाड़ी के पीछे गाड़ दिया था। हालांकि जब वहां खुदाई की गई तो नहीं कुछ नहीं मिला।

**परिजन बोले- बेटी के दोनों हाथ, सिर का ऊपरी हिस्सा गायब:** मृतिका के पिता धनेश साहू ने कहा कि शिकायत के बाद विधिवत जब कब्र की खुदाई की गई तो बेटी के दोनों हाथ गायब थे। खोपड़ी का ऊपरी हिस्सा भी गायब था। इसे ले जाने वाले तांत्रिक हैं, उन्हें कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। वहीं मृतिका के भाई चित्रसेन साहू ने बताया कि दफ्नाए गए स्थान पर छेड़छाड़ के सबूत मिले थे।

**तीनों संदेहियों को पुलिस ने पकड़ा:** परिजनों की शिकायत के बाद तहसीलदार की मौजूदगी में कब्र की खुदाई की गई। पुलिस ने शव के अवमानना के आरोप में गांव के ही कथित तांत्रिक लाला साहू, सहयोगी कंगलू ध्रुव और गेंदलाल कमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

एडिशनल एसपी जितेंद्र चंद्राकर ने कहा कि डेड बॉडी के दोनों हाथ काटे गए हैं। कब्र से गायब हैं। खोपड़ी से छेड़छाड़ की गई है। आरोपियों की निशानदेही पर काटे गए अंग की तलाशी के लिए खुदाई की जा रही है।

# युवक के गर्दन और कलाई पर मारा ब्लेड

## शराब के लिए पैसे नहीं देने पर विवाद, लहूलुहान हालत में जमीन पर गिरा




**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** रायपुर में एक के गर्दन और कलाई पर बदमाश ने ब्लेड से हमला कर दिया, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर बदमाश ने हमला किया है। पूरा मामला तेलीबांधा थाना क्षेत्र का है।

घायल युवक के मुताबिक मोहल्ले में रहने वाले नशेड़ी बदमाश ने उसे ब्लेड से मारा है। आरोपी के खिलाफ उसने तेलीबांधा थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

**काशीराम नगर चौकी के पास वारदात:** पीड़ित महेश गिरी ने बताया कि वह काशीराम नगर तेलीबांधा में रहता है। शनिवार की रात साढ़े 8 बजे के करीब वह काशीराम नगर चौकी के पास मेन रोड पर बैठा हुआ था। साथ में दो-तीन अन्य लड़के भी मौजूद थे। इस दौरान सिंधवा आलू आया और शराब के लिए पैसे मांगा।

**मना करते ही अटैक:** इस दौरान महेंद्र ने सिंधवा आलू को पैसे देने के लिए मना कर दिया। सिंधवा इस बात से नाराज हो गया, उसने गाली गलौज शुरू कर दी इसके बाद महेंद्र के गर्दन और कलाई पर वार कर किया, जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया।

घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तेलीबांधा पुलिस एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## आंधी-तूफान से गिरी दीवार, एक की मौत

### साथियों ने मलबे को हटाकर निकाला, अस्पताल ले जाते वक्त मजदूर ने तोड़ा दम

**जांजगीर-चांपा एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में तेज आंधी तूफान आने से मकान की दीवार गिर गई, जिसके नीचे एक मजदूर दब गया। मजदूर को आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना अकलतरा थाना क्षेत्र के झेरिया गांव की है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के मुताबिक मरने वाले शख्स का नाम शत्रुघ्न सिंह (42) है। झेरिया निवासी शरद सिंह का घर बनाने का काम चल रहा था। इसी बीच शाम को तेज आंधी-तूफान आने से एक तरफ की दीवार गिर गई, जिसमें वह दब गया।

**डॉक्टरों ने जांच बाद मृत घोषित कर दिया:** इस दौरान आस-पास मौजूद लोगों की नजर पड़ी। साथियों ने गिरे हुए दीवार के मलबे को किसी तरह से हटाया। घायल शत्रुघ्न सिंह को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच बाद मृत घोषित कर दिया।

**पोस्टमॉर्टम के लिए मॉर्च्युरी भेजा गया शव:** हादसे की जानकारी फौरन पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए मॉर्च्युरी में रखवा दिया है। देर रात होने पर शव का पोस्टमॉर्टम नहीं हो सका।

# चीन से करेंसी-पेपर ऑर्डर कर छत्तीसगढ़ में नोटों की छपाई

## गैंग ने नकली नोट बाजार में खपाए, पहले नौकरी लगवाने के बहाने ठगते थे



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के रायपुर में पुलिस ने नकली नोट छापने वाले गैंग का पर्दाफाश किया है। आरोपियों ने पहले मल्टीनेशनल कंपनी में नौकरी लगवाने के बहाने हजारों लोगों से ठगी की, फिर जब लालच बढ़ा तो नकली नोट छापना शुरू कर दिया। चीन से पेपर भी मंगाया गया था। आरोपियों ने नकली नोटों को बाजार में खपा भी दिया। मामले को लेकर क्राइम ब्रांच एडिशनल एसपी संदीप मित्तल ने बताया कि पुलिस को नौकरी के नाम पर पैसे ऐंठने की लगातार शिकायतें मिल रही थी, जिसके बाद पुलिस ने जॉब पैन इंडिया नाम के एक ऑफिस पर छापेमारी की।

वहां से कंपनी के डायरेक्टर पिंटू टांडी और कैलाश टांडी को पकड़कर पूछताछ की, तो उन्होंने अपने अन्य साथियों का नाम उगला, जिसके बाद आकाश टांडी, खेत्रो टांडी, अभिजीत दीप, विक्की तांडी, राज टाकरी, नितेश बाघ से भी पूछताछ की गई।

**बेरोजगारों से वसूलते थे रुपए:** आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने बीते 3-4 साल से पंडरी, अशोका रत्न और अनुपम नगर में ऑफिस खोला हुआ था। जहां बेरोजगारों को जॉब दिलाने के लिए रजिस्ट्रेशन फीस लेते थे, फिर उन्हें जॉब इंटरव्यू में फेल बता दिया करते थे। कैंडिडेट्स को पास कराने के नाम पर उनसे पैसे वसूल ले लिया करते थे। पुलिस को इन आरोपियों के पास से कई फर्जी अपॉइंटमेंट लेटर के ड्राफ्ट भी मिले हैं। इन्होंने ये फर्जीवाड़ा हजारों बेरोजगारों के साथ किया।

**पकड़े नहीं गए तो हिम्मत बढ़ी:** इन आरोपियों के जाल में जो-जो बेरोजगार फंसा, उनसे इन्होंने लाखों रुपए ऐंठ लिए। लंबे समय तक जब यह पुलिस के रडार से बचे रहे तो उनकी हिम्मत बढ़ गई। इन्होंने लालच में आकर नकली नोट बनाकर पैसे कमाने का प्लान किया। इन आरोपियों में दो इंजीनियरिंग की हुई है। उन्होंने रिसर्च कर नकली नोट बनाने के लिए चीन से कागज मंगवा। इसके बाद मशीन के सहारे छपाई शुरू की।

आरोपियों के मुताबिक, इन्होंने कई नोट छापकर बाजार में खपा भी दिए। जब नोट चल गया तो इन्होंने और ज्यादा छपाई करने की तैयारी कर ली, लेकिन इसके पहले ही पुलिस ने नौकरी के बहाने ठगी के मामले में इनके ठिकानों पर छापेमारी की।

**24 लाख रुपए का माल बरामद:** पुलिस को इन आरोपियों के पास से करीब 24 लाख रुपए का माल बरामद किया है, जिसमें एक थार गाड़ी, एक बुलेट, 41 मोबाईल फोन, सोने के गहने, ब्रेसलेट, नेकलेस, 4 लैपटॉप, 1 कलर प्रिंटर, 2 नकली नोटों की शीट, दर्जनों एटीएम और पासबुक मिले है।

पुलिस ने इन सभी पिंटू टांडी, कैलाश टांडी, आकाश टांडी, खेत्रो टांडी, अभिजीत दीप, विक्की तांडी, राज टाकरी, नितेश बाघ को गिरफ्तार कर लिया है।

# आंधी से दीवार गिरी, युवक की मौत

## रायपुर-बस्तर संभाग में आज बारिश के आसार, सरगुजा संभाग में चलेगी हीटवेव



**रायपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में मानसून की एंट्री के बावजूद मौसम की उठा-पटक जारी है। बस्तर में जहां बारिश के बाद एक बार फिर गर्मी और उमस बढ़ गई है। वहीं रायपुर में मानसून की दस्तक के बाद भी अभी गरम हवाएं चल रही हैं। हालांकि आज (रविवार) सुबह से हल्के बादल छाए हुए हैं। पिछले 2 दिन के मुकाबले आज मौसम थोड़ा ठंडा रहेगा।

बस्तर और रायपुर में शाम-रात में तेज अंधड़ चलने और गरज- चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। 17 जून से बारिश की गतिविधियां बढ़ेगी। वहीं जांजगीर-चांपा में आंधी के चलते मकान की दीवार गिरने से एक युवक की मौत हो गई।

मौसम विभाग के मुताबिक आज रायपुर, गरियाबंद, धमतरी ,महासमुंद, दुर्ग बालोद, कबीरधाम, रायगढ़, जांजगीर, बस्तर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर में हल्की बारिश के आसार हैं। जबकि सरगुजा संभाग के जिलों में एक-दो पॉकेट में हीटवेव चलने की संभावना है।

**जांजगीर-चांपा:- आंधी में दीवार गिरने से मजदूर की मौत:** जांजगीर-चांपा जिले के अकलतरा में तेज आंधी तूफान आने से एक मकान की दीवार गिर गई। इसके नीचे दबकर एक युवक की मौत हो गई। जानकारी अनुसार, ग्राम झेरिया निवासी शरद सिंह के मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। शनिवार देर शाम तेज आंधी तूफान आने से एक तरफ का दीवार गिर गई। इसमें मजदूर शत्रुघ्न सिंह (42) नीचे दब गया।

वहां काम कर रहे अन्य मजदूरों ने देखा तो मलबा हटाया। फिर शत्रुघ्न को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव मॉर्चुरी में रखवा दिया था। रविवार को पंचनामा कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

**रायपुरः- प्री-मानसून की बारिश:** रायपुर में मानसून नहीं पहुंचा है, लेकिन अगले एक-दो दिन में प्री-मानसून शॉवर शुरू हो जाएगा। इसके साथ ही मानसून की भी दस्तक होगी। मौसम विज्ञानी के अनुसार, रविवार से बारिश की गतिविधियां बढ़ने लगेंगी। फिलहाल मानसून में देरी के कारण राजधानी में गर्मी बढ़ गई है। शनिवार को रायपुर में अधिकतम तापमान 41.4 डिग्री पर पहुंच गया है। यह सामान्य से 6.1 डिग्री अधिक है।

रात में भी गर्मी महसूस हो रही है। न्यूनतम तापमान भी 27.8 डिग्री रहा। यह भी 2.8 डिग्री ज्यादा है। वातावरण में हल्की नमी भी बनी हुई है। तेज धूप और नमी के कारण उमस महसूस होने लगी है।

**बस्तरः- उमस भरी गर्मी, आज बारिश के आसार:** बस्तर में मानसून की एंट्री के बाद भी लोगों को बारिश का इंतजार है। एक दिन पहले कुछ इलाकों में हल्की बारिश भी हुई, लेकिन तापमान में कोई खास उतार-चढ़ाव नहीं हुआ है। इसके कारण उमस भरी गर्मी है। आज बस्तर, नारायणपुर बीजापुर, कोंडागांव, सुकमा समेत आस-पास के कुछ इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है।

# पड़ोसी ने की 20 लाख की ठगी

## कहा- खाद्य विभाग में लगवा दूंगा नौकरी, मेरी अच्छी जान पहचान, थमा दिया फर्जी ऑफर लेटर




**भिलाई एजेंसी।** दुर्ग जिले के नेवई थाना क्षेत्र में एक युवक ने अपने ही पड़ोसी से नौकरी लगाने के नाम पर 20 लाख रुपए की ठगी कर ली। खुद को पुलिस विभाग (सीएएफ) में नौकरी करना बताकर वारदात को अंजाम दिया। इसके साथ ही बड़े अधिकारियों से अच्छी जान पहचान का हवाला दिया। रिटायर्ड बीएसपी अधिकारी से उनके बेटे की नौकरी खाद्य विभाग में लगाने का लालच देकर रुपए लिए। नेवई पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

**भिलाई स्टील प्लांट के रिटायर्ड कर्मचारी से ठगी:** नेवई पुलिस ने बताया कि सुयश पटेल (26 वर्ष) 187ध्जी रिसाली सेक्टर में रहता है। उसके पिता भिलाई स्टील प्लांट से रिटायर्ड कर्मचारी हैं। सुयश कोरोना के बाद से नौकरी की तलाश कर रहा था। उसने कई लोगों से काम की तलाश करने की बात कही। इसका फायदा उनके घर के पड़ोस में रहने वाले पवन कुमार ढिंडे ने उठा लिया। पवन ने खुद को पुलिस विभाग (सीएएफ) का अधिकारी बताया। उनके घर में कई साल से आना जाना था, इसलिए वो लोग उसका विश्वास भी करते थे।

**खाद्य विभाग में अधिकारियों से मेरी अच्छी जान पहचान:** पवन एक दिन सुयश के घर गया। वहां उसने बातचीत के दौरान कहा कि उसकी खाद्य विभाग में अधिकारियों से अच्छी जान पहचान है, यदि किसी की नौकरी लगाना होगा तो बताना। पवन के साथ एक सुनील पटेल नाम का व्यक्ति भी आया था। पवन ने उसका परिचय अपने अधिकारी के रूप में कराया था। उसने बताया कि सुनील पटेल की विभाग के बड़े अधिकारियों और मंत्रालय में अच्छी पकड़ है। वो वहां किसी की भी नौकरी लगवा सकते हैं।

**खाद्य विभाग में वैकेन्सी खाली है:** इस पर सुयश के पिता ने उनसे अपने बेटे सुयश की नौकरी लगाने की बात कही। इस पर उन्होंने कहा कि खाद्य विभाग में वैकेन्सी खाली है। यदि वो उसमें करना चाहते हैं तो वो करवा देंगे। इसके लिए 20 लाख रुपए लगेंगे। सुयश के पिता उनकी डिमांड पर राजी हो गए। 13 मई 2023 को सुनील पटेल और पवन ढिंडे फिर उनके घर आये। इसके बाद उन्होंने सुयश के पिता से अलग-अलग किस्तों में 20 लाख रुपए ले लिए, लेकिन नौकरी नहीं लगवाई।

**फर्जी ट्रेनिंग और ज्वाइनिंग लेटर भी भेजा:** पवन और सुनील इतने शातिर थे कि उन्होंने खाद्य विभाग में ज्वाइनिंग और ट्रेनिंग का फर्जी लेटर भी बनवा डाला और सुयश को वॉट्सऐप भी किया। इसके बाद जब उन्होंने उस ज्वाइनिंग लेटर के बारे में पता किया तो उसे फर्जी बताया गया। इसके बाद वो लोग नेवई थाने पहुंचे। पुलिस ने उनकी शिकायत पर ठगी व अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## जल संकट विवाद को लेकर दिल्ली जल बोर्ड ऑफिस पर पथराव, मटके फेंके



नई दिल्ली। दिल्ली में जल संकट विवाद रविवार को हिंसक हो गया। सैकड़ों की संख्या में आए लोगों ने छतरपुर जल बोर्ड ऑफिस पर पथराव और तोड़फोड़ की। ऑफिस पर मटके फेंके, जिसकी वजह से शीशे टूट गए। हालांकि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। इस घटना पर दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और कहा- दक्षिण दिल्ली के पूर्व सांसद रमेश बिधुड़ी भाजपा के गुंडों को लेकर आए और जल बोर्ड के दफ्तर पर तोड़फोड करवाई। हमने इसका वीडियो दिल्ली पुलिस को भेज दिया है। क्या दिल्ली पुलिस एफआईआर करेगी। आतिशी ने आरोप लगाया कि भाजपा के लोग पाइपलाइन को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इससे सप्लाई प्रभावित हो रहा है। भाजपा के नेता टूटी पाइपलाइन के पास कैसे पहुंच जा रहे हैं। वे यहां फोटो क्लिक कराते हैं। मैंने पुलिस कमिश्नर को चिट्ठी लिखकर पाइपलाइनों की सिक्योरिटी की मांग की है। भाजपा ने दिल्ली में जल संकट को लेकर 14 जगहों पर केजरीवाल सरकार के खिलाफ मटका फोड़ प्रदर्शन किया। इसमें प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और नई दिल्ली की सांसद बांसुरी स्वराज भी शामिल हुईं। सचदेवा ने कहा- दिल्ली में पानी की कमी के लिए अगर कोई जिम्मेदार है तो वह सीएम अरविंद केजरीवाल है।

## पटना में यात्रियों से भरी नाव गंगा नदी में पलटी, 17 लोग डूबे...6 लोग अभी भी लापता

पटना। बिहार की राजधानी पटना के बाढ़ थाना क्षेत्र में रविवार को यात्रियों से भरी नाव पलट गई। नाव पर 17 लोग सवार थे। वहीं नाव के पलटते ही सभी लोग नदी में डूबने लगे। किसी तरह 11 लोग तैरकर बाहर निकल आए। वहीं छह लोग अब भी लापता है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गंगा दशहरा के अवसर पर कुछ लोग नौका पर सवार होकर स्नान करने के लिए नदी के उसपार जा रहे थे। इस दौरान उमा घाट के समीप नौका पलट गई। कुछ लोग तैरकर बाहर आ गए, जबकि छह लोगों के डूबकर मरने की आशंका है। सूत्रों ने बताया कि घटनास्थल पर राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम पहुंच गई है। लापता लोगों की तलाश की जा रही है। वहीं घटना के बाद लोगों में काफी आक्रोश है। बताया जा रहा है कि प्रसिद्ध उमानाथ घाट पर जहां कई जिले के लोग गंगा स्नान को आते हैं, वहां पुलिस प्रशासन ने कोई इंतजाम नहीं किया था ना ही पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती थी।

# मोदी के जम्मू-कश्मीर दौरे से पहले शाह की मीटिंग



**श्रीनगर/नई दिल्ली (एजेंसी)।** गृह मंत्री अमित शाह दिल्ली में रविवार 16 जून को जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मीटिंग की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आतंकवाद को कुचलें और आतंकियों की मदद करने वालों पर भी सख्ती बरतें। शाह ने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर में सभी तीर्थस्थलों और पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था और बढ़ाई जाए। 21 जून को योग दिवस के कार्यक्रम के लिए प्रधानमंत्री मोदी 20 जून को श्रीनगर जा रहे हैं। 29 जून से अमरनाथ यात्रा भी शुरू हो रही है। इसे देखते हुए शाह ने अधिकारियों से यात्रा रूट और नेशनल हाईवे पर अतिरिक्त बलों की तैनाती करने कहा है। शाह ने एजेंसियों को निर्देश दिया कि वे कश्मीर घाटी में एरिया डोमिनेशन प्लान और जीरो टेरर प्लान के जरिए हासिल की गई सफलताओं को जम्मू संभाग में भी दोहराएं। मीटिंग के दौरान गृह मंत्री शाह का पूरा फोकस अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा पर रहा। पिछले साल 4.28 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री अमरनाथ यात्रा पर आए थे। इस बार यह आंकड़ा पांच लाख तक जा सकता है। यह कहा जा रहा है कि इस बार सभी तीर्थयात्रियों को स्पेशल कार्ड दिए जा सकते हैं, ताकि उनकी असली लोकेशन का पता लगाया जा सके। इसके अलावा सभी को 5 लाख रुपए का बीमा कवर दिया जा सकता है। सूत्रों ने कहा कि तीर्थयात्रियों को ले जाने वाले प्रत्येक जानवर के लिए 50 हजार का बीमा कवर भी होगा। शाह ने एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन से बेस कैंप तक सभी तीर्थयात्रियों की सुरक्षा पर जोर दिया है। अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू हो रही है। इस बार अमरनाथ यात्रा 52 दिन की होगी।

यात्रा से पहले केंद्र ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बढ़ाने के लिए केंद्रीय सुरक्षाबलों की 500 कंपनियों को घाटी में तैनात करने का फैसला लिया है।

## आरएसएस और बीजेपी फिर से एक साथ, मिलकर लड़ेंगे यूपी विधानसभा उपचुनाव

नई दिल्ली। 2024 के लोकसभा चुनावों में अपने दम पर साधारण बहुमत हासिल करने में विफल रही भाजपा के प्रति नाराजगी के बीच एक बार फिर से आरएसएस और भाजपा उत्तर प्रदेश में मिलकर 10 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले विधानसभा उपचुनाव से पहले फिर से एकजुट होने की तैयारी कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ पार्टी को आश्चर्यचकित करने के बाद यह उपचुनाव भाजपा के नेतृत्व वाले राजग और सपा-कांग्रेस गुट के बीच दूसरी बड़ी चुनावी लड़ाई होगी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात करने की संभावना है जो संघ प्रशिक्षण सत्र के लिए मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र गोरखपुर का दौरा कर रहे हैं। दोनों के बीच यूपी के राजनीतिक हालात और आगे की राह पर चर्चा होने की संभावना है। शुक्रवार को फिर एक वरिष्ठ ॠस्र नेता ने कहा कि भाजपा के अहंकार के कारण उसे लोकसभा में बहुमत गंवाना पड़ा लेकिन एक बार फिर से आरएसएस और भाजपा एक साथ वापस आ गए हैं, संघ के सूत्रों ने बताया कि वैचारिक रूप से एक-दूसरे से जुड़े दोनों संगठनों के बीच सब कुछ ठीक है। समझा जाता है कि भागवत ने उत्तर प्रदेश में आरएसएस कार्यकर्ताओं को घर-घर जाने और सामाजिक समरसता के आरएसएस संदेश का प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया है। आरएसएस सूत्रों ने कहा, यूपी में जातिवादी राजनीति की।


## इलॉन मस्क बोले- ईवीएम हैक हो सकती है, पूर्व मंत्री का जवाब- यह भारत में संभव नहीं, राहुल बोले- ये ब्लैक बॉक्स है



इलॉन मस्क | राजीव चंद्रशेखर | राहुल गांधी

नई दिल्ली। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पर फिर बहस छिड़ गई है। दुनिया के सबसे अमीर बिजनेसमैन इलॉन मस्क ने 15 जून को लिखा- ईवीएम को खत्म कर देना चाहिए। इसे इंसानों या्‌ङ्क द्वारा हैक किए जाने का खतरा है। हालांकि ये खतरा कम है, फिर भी बहुत ज्यादा है। अमेरिका में इससे वोटिंग नहीं करवानी चाहिए। इस पर भाजपा नेता और पूर्व आईटी मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा- मस्क के मुताबिक, कोई भी सुरक्षित डिजिटल हार्डवेयर नहीं बना सकता, ये गलत है। उनका बयान अमेरिका और अन्य स्थानों पर लागू हो सकता है - जहां वे इंटरनेट से जुड़ी वोटिंग मशीन बनाने के लिए नियमित कंप्यूट प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हैं। भारतीय ईवीएम सुरक्षित हैं और किसी भी नेटवर्क या मीडिया से अलग हैं। कोई कनेक्टिविटी नहीं, कोई ब्लूटूथ, वाईफाई, इंटरनेट नहीं। यानी कोई रास्ता नहीं है। फैक्ट्री प्रोग्राम्ड कंट्रोलर जिन्हें दोबारा प्रोग्राम नहीं किया जा सकता। ईवीएम को ठीक उसी तरह डिजाइन किया जा सकता है, जैसा कि भारत ने किया है। भारत में इसे हैक करना संभव नहीं है। इलॉन, हमें ट्यूटोरियल (सिखाने वाला संस्थान) चलाकर खुशी होगी। वहीं, राहुल गांधी ने मस्क की पोस्ट को रीपोस्ट करते हुए कहा- भारत में ईवीएम ब्लैक बॉक्स की तरह है। किसी को भी इसकी जांच की अनुमति नहीं है।

## टीडीपी लोकसभा अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ती है तो इंडिया गठबंधन समर्थन जुटाने का प्रयास करेगा-राउत



मुंबई। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत ने रविवार को कहा कि अगर सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार खड़ा करती है तो विपक्षी गठबंधन 'इंडिया% के सभी सहयोगी उसके लिए समर्थन सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे। राउत ने यहां पत्रकारों से बातचीत में दावा किया कि लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव महत्वपूर्ण होगा और अगर भाजपा को यह पद मिलता है तो वह सरकार का समर्थन करने वाले दलों तेदेपा, जनता दल यूनाइटेड (जदयू) तथा चिराग पासवान और जयंत चौधरी के राजनीतिक संगठनों को तोड़ देगी। उन्होंने दावा किया, हमें अनुभव है कि भाजपा उन लोगों को धोखा देती है जो उसका समर्थन करते हैं। राउत ने कहा, मैंने सुना है कि तेदेपा अपना उम्मीदवार खड़ा करना चाहती है। अगर ऐसा होता है, तो 'इंडिया गठबंधन के सहयोगी इस मुद्दे पर चर्चा करेंगे और यह सुनिश्चित करने की कोशिश करेंगे कि विपक्षी गठबंधन के सभी सहयोगी तेदेपा को समर्थन दें। राज्यसभा सदस्य ने कहा कि नियम के मुताबिक विपक्ष को उपाध्यक्ष का पद मिलना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि राजग सरकार स्थिर नहीं है। लोकसभा चुनाव के बाद राष्ट्रीय

## अगर केंद्र हस्तक्षेप नहीं करेगा तो स्थिति नहीं सुधरेगी, दिल्ली में जल संकट के बीच आतिशी ने कहा




नई दिल्ली। दिल्ली में जल संकट के बीच मंत्री आतिशी ने रविवार को कहा कि अगर केंद्र सरकार हस्तक्षेप नहीं करेगी तो स्थिति नहीं सुधरेगी और भाजपा को हरियाणा में अपनी सरकार से बात करनी चाहिए और दिल्ली के लिए अधिक पानी लाना चाहिए। आतिशी ने आज दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा को पत्र लिखकर राष्ट्रीय राजधानी में प्रमुख पाइपलाइनों की सुरक्षा के लिए पुलिस कर्मियों की तैनाती का आग्रह किया। एएनआई से बात करते हुए आतिशी ने कहा, कल साउथ दिल्ली की मुख्य पानी की पाइपलाइन, जो सोनिया विहार से आती है, पूरी साउथ दिल्ली को पानी उपलब्ध कराती है, उस पानी की पाइपलाइन में लीकेज हो गई थी। ऐसा लगता है कि कोई साजिश चल रही है और मैंने इस संबंध में आज पुलिस कमिश्नर को एक पत्र भी लिखा है। मैंने पुलिस कमिश्नर से भी बात की है कि मुख्य जल वितरण लाइनों को पुलिस द्वारा सुरक्षा प्रदान की जानी चाहिए।

## ट्रेन की चपेट में आने से 2 महिलाओं समेत तीन की मौत

राजस्थान। राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के निम्बाहेड़ा में रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से दो महिलाओं सहित तीन की मौत हो गई। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। निम्बाहेड़ा कोतवाली थाना के प्रभारी रामसुमेर मीणा ने बताया कि घटना शनिवार रात की है जब रेलवे स्टेशन के निकट हनुमानजी मंदिर के पास रेलवे पटरी पार करते समय एक दंपति, उनकी एक रिश्तेदार ट्रेन की चपेट में आ गये। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान निम्बाहेड़ा निवासी मोहनलाल धोबी (45) उनकी पत्नी ललिता (40) और उनकी एक रिश्तेदार देवश्री (35) के रूप में हुई है। ये सभी हनुमानजी के मंदिर गए थे। थाना प्रभारी ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

## 11 जून से आगे नहीं बढ़ा मानसून, इन राज्यों को बारिश के लिए करना पड़ेगा इंतजार

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक अधिकारी ने शनिवार को कहा कि गुजरात में समय से चार दिन पहले 11 जून को ही दस्तक देने के बावजूद दक्षिण-पश्चिम मानसून प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण राज्य के अन्य हिस्सों में आगे नहीं बढ़ पाया है। आईएमडी के अहमदाबाद मौसम केंद्र के वैज्ञानिक रामाश्रय यादव ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून ने 11 जून को दक्षिण गुजरात के नवसारी में दस्तक दी थी, लेकिन प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण यह चार दिन से आगे नहीं बढ़ पाया है। उन्होंने कहा, ''दक्षिण-पश्चिम मानसून आमतौर पर 15 जून को गुजरात में प्रवेश करता है और 20 जून तक अहमदाबाद और सौराष्ट्र के कुछ क्षेत्रों सहित अन्य भागों में आगे बढ़ता है। 25 जून तक मानसून सौराष्ट्र के अधिकांश भागों में पहुंच जाता है और 30 जून तक यह पूरे गुजरात को कवर कर लेता है। इस बीच, आईएमडी ने अगले पांच दिनों में राज्य के कई जिलों में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ हल्की बारिश होने का अनुमान जताया है।

## पंजाब का सबसे मंहगा टोल प्लाजा हुआ फ्री



**लुधियाना (एजेंसी)।** नेशनल हाईवे पर स्थित लाडोवाल टोल प्लाजा पर आज भारतीय किसान यूनियन के कई संगठनों ने टोल रेट में की गई बढ़ोतरी के विरोध में धरना लगाकर रोष प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर भारतीय किसान मजदूर यूनियन के प्रधान दिलबाग सिंह गिल भारतीय किसान यूनियन दोआबा के प्रधान इंद्रवीर सिंह कादिया ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि आज भारतीय किसान यूनियन के कई संगठनों ने टोल प्लाजा के बड़े हुए रेट के विरोध में रोष प्रदर्शन करते हुए टोल प्लाजा को फ्री करवा दिया गया है। उन्होंने बताया कि जब तक टोल प्लाजा बड़े हुए रेट में कमी नहीं करता और लोकल पास के रेट को नहीं कम करता तब तक यह टोल फ्री रहेगा टोल प्लाजा को फ्री करने के बाद वाहन चालक बिना टोल दिए टोल से गुजर रहे हैं।

## 19 जून को बिहार आएंगे प्रधानमंत्री मोदी, नालंदा विश्वविद्यालय परिसर का करेंगे उद्घाटन

**राजगीर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले सप्ताह बिहार पहुंचकर वहां स्थित नालंदा विश्वविद्यालय के परिसर का उद्घाटन करेंगे। इस विश्वविद्यालय का नाम विश्व प्रसिद्ध प्राचीन शिक्षा केंद्र के नाम पर रखा गया है। राज्य सरकार और केंद्रीय विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने 19 जून को प्रधानमंत्री की यात्रा की तैयारियों का जायजा लेने के लिए शनिवार को यहां एक बैठक की। समारोह में राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जैसे गणमान्य व्यक्तियों के शामिल होने की संभावना है, जहां प्रधानमंत्री के डेढ़ घंटे ठहरने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री के गया स्थित निकटतम हवाई अड्डे से हेलीकॉप्टर द्वारा कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने की संभावना है। विश्व धरोहर स्थल घोषित किए गए नालंदा महावीर से 20 किलोमीटर से भी कम दूरी पर स्थित विश्वविद्यालय की स्थापना वर्ष 2010 में संसद के एक अधिनियम द्वारा की गई थी। इससे पहले, 13वीं शताब्दी तक कार्यरत शिक्षण केंद्र की तर्ज पर एक अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करने के प्रस्ताव का पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में इसके सदस्य देशों ने भी समर्थन किया था।

## महाविकास अघाड़ी हुआ एकजुट...साथ लड़ेंगे विधानसभा चुनाव, कहा- बागियों को वापस नहीं लेंगे




**मुंबई (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव जीतने के बाद महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के बाद विपक्षी महा विकास अघाड़ी गठबंधन ने विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। शनिवार को, उद्धव ठाकरे, शरद पवार और पृथ्वीराज चव्हाण ने सीट बंटवारे पर चर्चा की। लोकसभा चुनाव के नतीजों ने महा विकास आघाडी के घटक दलों में ऊर्जा भर दी है। अब तक तीनों ही दलों के नेता हुंकार भर रहे है कि वे आगामी विधानसभा चुनावों में सभी 288 सीटों पर लड़ने की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन शनिवार को कांग्रेस, उद्धव सेना, शरद पवार की एनसीपी के प्रमुख नेताओं ने साफ किया कि वे एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे। वे हर हालत में सत्ताधारी सरकार को हटाएंगे। पवार ने संकेत दिया कि अजित पवार के लिए राकांपा के अपने गुट में लौटने के दरवाजे बंद हो गए हैं। पवार ने कहा, इसका कोई सवाल ही नहीं है। उद्धव ठाकरे ने भी कहा कि उन लोगों के लिए दरवाजे बंद हो गए हैं जिन्होंने उनके खिलाफ बगावत की थी और शिव सेना के एकनाथ शिंदे गुट में शामिल हो गए थे।

ठाकरे के मुताबिक, केंद्र में एनडीए सरकार कितने दिनों तक टिकेगी, इस पर सवालिया निशान लग गया है। यूबीटी नेता ने भाजपा के इस आरोप की निंदा की कि विपक्षी दलों ने चुनावों को प्रभावित करने के लिए %संविधान बदलने% पर लोगों के बीच गलत सूचना फैलाई है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए पवार ने कहा कि एमवीए के लिए पीएम ने अनुकूल राजनीतिक माहौल बनाया, इसके लिए हम उन्हें धन्यवाद देते हैं। एनसीपी तोड़ कर गए लोगों की वापसी पर पवार ने कहा कि जो लोग हमें छोड़कर गए हैं, उन्हें पार्टी में वापस नहीं लेंगे। इस मौके पर उद्धव ठाकरे ने कहा कि लोकसभा चुनाव के वक्त पूरे देश में माहौल था कि बीजेपी को कोई हरा नहीं सकता, लेकिन महाराष्ट्र की जनता ने यह मिथ तोड़ दिया। हमारी जीत अंतिम नहीं है, बल्कि यह तो शुरुआत हुई है।

## सलामान खान फायरिंग केस में एक और गिरफ्तारी

मुंबई। मुंबई पुलिस ने अप्रैल में अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर हुई गोलीबारी के सिलसिले में एक नया मामला दर्ज किया है और आपराधिक धमकी के आरोप में राजस्थान से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अपराध शाखा के अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान राजस्थान के बूंदी निवासी बनवारीलाल लटूरलाल गुर्जर (25) के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि गुर्जर ने कथित तौर पर अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो अपलोड किया था जिसमें उसने कहा था, लॉरेंस बिश्नोई, गोल्डी बराड़ और गिरोह के अन्य सदस्य मेरे साथ हैं तथा मैं सलमान खान को मारने जा रहा हूं क्योंकि उसने अभी तक माफी नहीं मांगी है। आरोपी ने राजस्थान में एक राजमार्ग पर वीडियो बनाया और उसे अपने चैनल पर अपलोड कर दिया।

# अयोध्या आ रहा देश का सबसे बड़ा




**लखनऊ (एजेंसी)।** अयोध्या में देश का सबसे लंबा धनुष और बाण स्थापित होगा। धनुष की लंबाई 33 फीट और वजन 3400 किलो है। धनुष के साथ 3900 किलो का गदा भी लगेगी। गदा और धनुष-बाण पंच धातु से बनाए गए हैं। इसे राजस्थान में सुमेरपुर के शिवगंज स्थित श्रीजी सनातन सेवा संस्थान ने बनवाया है।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा- सूचना मिली है कि कुछ भक्त गदा और धनुष-बाण लेकर आ रहे हैं। पहले उसे कारसेवकपुरम में रखा जाएगा, फिर तय किया जाएगा कि इन्हें कहां स्थापित किया जाए। राजस्थान से अयोध्या के बीच पांच पड़ाव पार करते हुए यह कारवां अयोध्या पहुंच रहा है। इसमें पहला पड़ाव बर में, दूसरा जयपुर में, तीसरा आगरा में था। चौथा पड़ाव लखनऊ में, फिर पांचवां और आखिरी पड़ाव है अयोध्या। हर पड़ाव में कई प्रमुख राजनेताओं, साधु-संतों और आम लोग इस गदा और धनुष का स्वागत कर रहे हैं। इस यात्रा को निकालने के लिए पिछले तीन महीने से तैयारी की जा रही थी। मार्च से कारीगरों से लेकर यात्रा निकालने वाले लोग इसमें लगे हुए थे। यात्रा में साथ चलने वाले लोगों के लिए 105 एसी बसों का इंतजाम किया गया। राजस्थान से ही इन बसों में लोग धनुष-बाण और गदा के साथ अयोध्या पहुंच रहे हैं।

## मेजबान जर्मनी ने स्कॉटलैंड को 5-1 से हराकर शानदार शुरुआत की

**म्यूनिख (एजेंसी)।** फ्लोरियन विट्र्ज़ और जमाल मुसियाला के पहले हाफ में किए गए गोल की मदद से जीत का मंच तैयार करने वाले मेजबान जर्मनी ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे स्कॉटलैंड को 5-1 से करारी शिकस्त देकर यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप (यूरो 2024) में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। विट्र्ज़ ने दसवें मिनट में जर्मनी के लिए पहला गोल किया जबकि मुसियाला ने 19वें मिनट में उसकी बढ़त दोगुनी कर दी। काई हैवर्ट ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में पेनल्टी को गोल में बदलकर मध्यांतर तक जर्मनी को 3-0 से आगे कर दिया। जर्मनी को डिफेंडर रयान पोर्टियस की गलती के कारण यह पेनल्टी मिली थी, जिन्हें रेफरी ने लाल कार्ड दिखाकर बाहर कर दिया था। इस कारण स्कॉटलैंड को दूसरे हाफ में 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा था। मध्यांतर के बाद सब्सटीट्यूट निकोलस फुलक्रग ने 68वें मिनट और एमरे कैन ने इंजरी टाइम में गोल करके जर्मनी की बड़ी जीत सुनिश्चित की। स्कॉटलैंड एंटोनियो रोडिगर के 87वें मिनट में किए गए आत्मघाती गोल से खाता खोल पाया। जर्मनी के कप्तान इल्के गुंडोगन ने मैच के बाद कहा,"हम वास्तव में इसी तरह की शुरुआत चाहते थे। मैं मैच से पहले भी जीत के प्रति अश्वस्त था। हमें दर्शकों का भरपूर समर्थन मिल रहा था ।

## आईसीसी ने किया ऐलान, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड को फ्री में मिलेगा अगले वर्ल्ड कप का टिकट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 से भले ही पाकिस्तान और न्यूजीलैंड टीम बाहर हो गई हों। लेकिन फिर भी एक खुशखबरी दोनों टीमों के लिए है। दरअसल, ग्रुप स्टेज में टीम दो-दो मैच हारकर सुपर 8 की रेस से बाहर हो गई हैं। वहीं अगला टी20 वर्ल्ड कप 2026 में खेला जाना है। जो श्रीलंका और भारत में आयोजित होने वाले हैं। अब इस मेगा इवेंट के क्वॉलिफिकेशन का रास्ता पाकिस्तान और न्यूजीलैंड ने लगभग तय कर लिया है। भले ही दोनों टीमें टी20 वर्ल्ड कप 2024 का अपना आखिरी लीग मैच हार जाएं, फिर भी दोनों टीमें सीधे टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए क्वॉलिफाई कर जाएंगी। टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए जो क्वॉलिफाइंग रूल हैं, उनके मुताबिक वर्तमान में जारी टी20 वर्ल्ड कप की 20 में से टॉप 12 टीमें सीधे अगले



टूर्नामेंट के लिए क्वॉलिफाई करेंगी। मेजबान के तौर पर भारत और श्रीलंका इस सूची में पहली दो टीमें होंगी, जिन्हें सभी सुपर 8 टीमों के साथ अगले सीजन में सीधे प्रवेश मिलेगा। भारत 2024 टी20 वर्ल्ड कप में ग्रुप ए से सुपर 8 के लिए पहले ही क्वॉलिफाई कर चुका है। इस तरह भारत ने दो मानदंडों के तहत क्वॉलिफिकेशन को पूरा कर लिया है। पाकिस्तान की टीम भी टॉप 12 में रह सकती है। मौजूदा समय में सुपर 8 में जगह बनाने वाली और 2026 सीजन में सीधे प्रवेश पाने वाली अन्य टीमें दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और यूएसए हैं। बांग्लादेश या नीदरलैंड ग्रुप डी से अगले दौर में पहुंचेंगे। जबकि स्कॉटलैंड और इंग्लैंड ग्रुप बी से सुपर 8 में जगह बनाएंगे और टी20 वर्ल्ड कप 2026 का टिकट कटाएंगे।

## गौतम गंभीर के नाम पर बीसीसीआई ने लगाई मुहर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के मुख्य कोच पद के लिए बीसीसीआई ने गौतम गंभीर के नाम पर आखिरी मुहर लगा दी है। दरअसल, ताजा रिपोर्ट्स के अनुसार पूर्व भारतीय बल्लेबाज का मुख्य कोच बनना तय हो गया है और जल्दी ही इसकी घोषणा भी कर दी जाएगी। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल खत्म होने जा रहा है। बीसीसीआई ने मई में इस पद के लिए आवेदन मांगे थे, इसके बाद से ही कई अटकलों का दौर शुरू हो गया था। अब इस महीने के अंत में यानी टी20 वर्ल्ड कप खत्म होने के बाद नए कोच का ऐलान हो सकता है। दैनिक जागरण की रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई ने गौतम गंभीर को कोच बनाने का फैसला कर लिया है और जून के आखिर में इसकी घोषणा कर दी जाएगी। बीसीसीआई के एक सूत्र ने जागरण को बताया कि, गंभीर और हमारी बात हो चुकी है। वह राहुल द्रविड़ की जगह लेंगे। उनकी घोषणा की तिथि भारतीय टीम के वर्ल्ड कप के सफर से तय होगी। भारतीय टीम का सपोर्ट स्टाफ भी नए हेड कोच गौतम गंभीर की मर्जी से चुना जाएगा। इसको लेकर भी बीसीसीआई ने सहमति जता दी है।

सूत्र ने बताया कि, गंभीर ने कहा है कि जो भी टीम इंडिया का सपोर्ट स्टाफ होगा, उसे भी वही चुनेंगे। इस पर भी सहमति बन गई है। फिलहाल, भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच के रूप में विक्रम राठौड़, फील्डिंग कोच टी दिलीप और गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे हैं। टी दिलीप और म्हाम्ब्रे को राहुल द्रविड़ के कोच बनने पर भी रखा गया था।

## न्यूजीलैंड की निगाहें पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ बड़ी जीत पर

**टरूबा (एजेंसी)।** पिछले 10 वर्षों में पहली बार सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर होने वाली न्यूजीलैंड की टीम पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ यहां होने वाले मैच में बड़ी जीत दर्ज करके टी20 विश्व कप में अपने अभियान का समापन करने के लिए उतरेगी। न्यूजीलैंड का आईसीसी की प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन रहा है लेकिन यहां उसने शुरू में लचर प्रदर्शन किया जिसके कारण वह सुपर आठ में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो गया। न्यूजीलैंड की टीम के लिए यह मैच इसलिए महत्वपूर्ण बन गया है क्योंकि उसके तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने पुष्टि कर दी है कि यह टी20 विश्व कप में उनका आखिरी मैच होगा। ऐसे में केन विलियमसन की



अगुवाई वाली टीम अपने इस तेज गेंदबाज को जीत से विदाई देना चाहेगी। पापुआ न्यू गिनी की टीम ने अभी तक अपने तीनों मैच गंवाए हैं और अगर उसकी टीम न्यूजीलैंड के सामने थोड़ा भी चुनौती पेश करती है तो यह उसके लिए काफी मायने रखेगा।


**टीम इस प्रकार हैं-**

न्यूजीलैंड- केन विलियमसन (कप्तान), फिन एलन, ट्रेंट बोल्ट, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे (विकेट कीपर), लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, डेरिल मिशेल, जिमी नीशम, ग्लेन फिलिप्स (विकेट कीपर), रचिन रवींद्र, मिशेल सेंटनर, ईश सोढ़ी, टिम साउथी।

पापुआ न्यू गिनी- असदुल्ला वाला (कप्तान), एली नाओ, चाड सोपर, सीजे अमिनी, हिला वेरे, हिरी हिरी, जैक गार्डनर, जॉन कारिको, कबुआ वागी मोरिया, किपलिंग डोरिगा (विकेट कीपर), लेगा सियाका, नॉर्मन वनुआ, सेमा कामिया, सेसे बाउ, टोनी उरा। मैच भारतीय समयानुसार रात 8ः00 बजे शुरू होगा।

डिस्क्लेमर- प्रभासाक्षी ने इस ख़बर को संपादित नहीं किया है। यह ख़बर पीटीआई-भाषा की फीड से प्रकाशित की गयी है।

## टी20 वर्ल्ड कप के बीच दिग्गज ऑलराउंडर डेविड वीजे ने लिया संन्यास




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप के बीच स्टार ऑलराउंडर गेंदबाज डेविड वीजे ने अंतर्राष्ट्रीय करियर से संन्यास की घोषणा कर दी है। दो देशों की टीमों के लिए खेल चुके वीजे ने अपना आखिरी मुकाबला इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार को खेला, जिसमें उनकी टीम नामीबिया को हार का सामना करना पड़ा। वीजे ने इस मैच में 12 गेंदों में 27 रन बनाए। डेविड वीजे ने साउथ अफ्रीका के लिए अपने इंटरनेशनल करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने साल 2015 में सेंचुरियन में अपना वनडे डेब्यू किया। इसके बाद वे नामीबिया चले गए और यहां भी शानदार करियर बिताया। वीजे ने कुल 69 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। इसमें 15 वनडे मैचों में 25.38 की औसत से 330 रन और 54 टी20 में 24.0 की औसत और 127.86 के स्ट्राइक रेट से 624 रन बनाए हैं। वहीं दूसरी तरफ गेंदबाजी में तेज गेंदबाजी ने 15 वनडे पारियों में 15 विकेट और 54 टी20 पारियों में 59 विकेट चटकाए हैं। आईपीएल में डेविड वीजे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेल चुके हैं। आरसीबी के दौर में उन्होंने विराट कोहली के सात भी काफई अच्छा समय बिताया। वीजे ने 18 आईपीएल मैचों में 11 पारियों में 29.6 की औसत से 148 रन बनाए हैं। जबकि, गेदंबाजी में 15 पारियों में 16 विकेट चटकाए हैं।

## प्रणय की हार से ऑस्ट्रेलिया ओपन में भारतीय चुनौती समाप्त

**सिडनी (एजेंसी)।** भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल खिलाड़ी एचएस प्रणय अपने से ऊंची रैंकिंग वाले जापान के कोडाई नाराओका से 19-21, 13-21 से हार गए जिससे शुक्रवार को यहां देश का कोई भी शटलर ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल से आगे बढ़ने में सफल नहीं रहा। विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज प्रणय की हार से पहले पुरुष एकल वर्ग में समीर वर्मा और महिला एकल में आकर्षि कश्यप (महिला) के अलावा सिक्की रेड्डी एवं बी सुमित रेड्डी की मिश्रित जोड़ी को अंतिम आठ में हार का सामना करना पड़ा। प्रणय ने शुरुआती गेम में 10-16 से पिछड़ने के बाद अच्छी वापसी करते हुए स्कोर को 18-18 किया लेकिन इसके बाद लय बरकरार नहीं रख सके। नाराओका ने दूसरे गेम में 5-5 की बराबरी के बाद अपना दबदबा बनाना शुरू किया और फिर भारतीय खिलाड़ी को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। विश्व रैंकिंग के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी लोह किन यू को हराकर उलटफेर करने वाले समीर चीनी ताइपे के लिन चुन यी के खिलाफ दमखम नहीं दिखा सके।

रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी ने उन्हें महज 38 मिनट में 21-12, 21-13 से हराया। मिश्रित युगल में सुमित और सिक्की की आठवीं वरीयता प्राप्त पति-पत्नी जोड़ी को भी जियान जेन बैंग और वेई या शिन की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी से शिकस्त मिली। बैंग और शिन ने 21-12, 21-14 से आसान जीत दर्ज की। आठवीं वरीयता प्राप्त आकर्षि 42 मिनट तक चले महिला एकल मुकाबले में चीनी ताइपे की यू पो पाई से 21-17, 21-12 से हार गईं।

## स्कॉटलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ने किया लीन स्वीप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप में रविवार को ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को मात देकर ग्रुप राउंड में क्लीन स्वीप किया। ये मुकाबला जीतने के लिए ऑस्ट्रेलिया को काफी पसीना बहाना पड़ा लेकिन आखिरकार मैच अपने नाम करने में कामयाब रहे। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने टी20 वर्ल्ड कप में अपनी जीत का सिललिला जारी रखा और कई रिकॉर्ड कायम किए। स्कॉटलैंड की टीम ने मैच में पहली बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 180 रन बनाए। वहीं इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने पांच विकेट खोकर दो गेंद शेष रहते हुए ये लक्ष्य हासिल किया। टीम के लिए मार्कस स्टोइनिस ने 29 गेंदों में 59 रन बनाए वहीं ट्रेविस हेड ने 49 गेंदों में 68 रन की पारी खेली। टी20 वर्ल्ड कप में ये ऑस्ट्रेलिया की लगातार सातवीं जीत है। इस साल टी20 वर्ल्ड कप में





ग्रुप राउंड की जीत के अलावा साल 2022 की तीन जीत भी शामिल हैं। उन्होंने इस मामले में इंग्लैंड और भारत की बराबरी की।

इंग्लैंड ने 2010-2012 के टी20 वर्ल्ड कप में लगातार सात मैच जीते थे। वहीं भारत ने 2012 से 2014 के बीच टी20 वर्ल्ड कप में लगातार सात मैच जीते थे। ऑस्ट्रेलिया ने 181 का लक्ष्य हासिल किया जो कि टी20 वर्ल्ड कप में उनका दूसरा सबसे बड़ा चेज है। इससे हले साल 2010 के सेमीफाइनल में उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ 192 रन का लक्ष्य हिसाल किया था। साल 2021 में पाकिस्तान के खिलाफ 177 का उसी साल फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 173 का लक्ष्य हासिल किया।

## ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को हराकर इंग्लैंड को सुपर आठ में पहुंचाया

**ग्रॉस आइलेट (एजेंसी)।** सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड (68) और ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस (59) के अर्धशतकों की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को पांच विकेट से हराकर अपने चिर प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड की टी20 विश्व कप के सुपर 8 में जगह पक्की की। स्कॉटलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 180 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने 19.4 ओवर में 5 विकेट पर 186 रन बनाकर जीत दर्ज की। स्कॉटलैंड ने एक समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर तीन विकेट पर 60 रन कर दिया था लेकिन हेड और स्टोइनिस ने चौथे विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी करके अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचाकर इंग्लैंड के खेमे में राहत पहुंचाई। ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत से ग्रुप बी में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा। इस मैच में स्कॉटलैंड की हार से इंग्लैंड भी ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहकर सुपर 8 में पहुंच गया। इंग्लैंड ने इससे पहले बारिश से प्रभावित मैच में नामीबिया को हराया था लेकिन ऑस्ट्रेलिया की स्कॉटलैंड पर जीत से ही वह अगले चरण में जगह बना पाता। ऑस्ट्रेलिया ने अपने चारों मैच जीते जबकि इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के समान पांच अंक रहे। इंग्लैंड ने बेहतर रन रेट




के आधार पर दूसरा स्थान हासिल किया। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिशेल मार्श ने मैच के बाद कहा,"हमने अपनी रणनीति पर बने रहने पर बात की थी। स्कॉटलैंड की टीम अच्छी है। उन्होंने काफी सुधार किया है और हम निश्चित तौर पर उन्हें सम्मान देना चाहते थे।" उन्होंने कहा,'''हम अपनी लय बनाए रखना चाहते थे। हमें जब भी चुनौती मिली हमने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। आज भी ऐसा ही हुआ। हमारे लिए यह अच्छा अनुभव था। अब हम नए सिरे से शुरुआत करेंगे।" बड़े लक्ष्य के सामने ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसने सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर (01), कप्तान मार्श (08) और ग्लेन मैक्सवेल (11) के विकेट जल्दी गंवा दिए।

स्कॉटलैंड के गेंदबाज हालांकि हेड और स्टोइनिस पर दबाव नहीं बना पाए जिन्होंने 44 गेंद पर 80 रन की साझेदारी की। हेड ने 49 गेंद की अपनी पारी में 5 चौके और चार छक्के लगाए। स्टोइनिस ने अधिक आक्रामक रवैया अपनाया।उन्होंने अपनी पारी में 29 गेंद का सामना किया तथा 9 चौके और दो छक्के लगाए। आखिर में टिम डेविड ने 14 गेंद पर नाबाद 24 रन बनाए और विजयी छक्का लगाया। स्कॉटलैंड के कप्तान रिची बैरिंगटन ने कहा,"हमारे खिलाड़ियों को अपने प्रदर्शन पर गर्व होना चाहिए। हमने पूरे टूर्नामेंट में अच्छा खेल दिखाया। हमने यहां काफी कुछ सीखा। निश्चित तौर पर हम जिस तरह की स्थिति में थे उससे थोड़ा निराशा हुई। हमें क्वालीफाई करना चाहिए था लेकिन हम ऐसा नहीं कर पाए।" इससे पहले स्कॉटलैंड के बल्लेबाजों ने ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों का डटकर सामना किया। स्कॉटलैंड की पारी का आकर्षण ब्रैंडन मैकमुलेन की 34 गेंद पर खेली गई 60 रन की पारी रही जिसमें उन्होंने दो चौके और छह छक्के लगाए। एस्टन एगर ने पहले ओवर में माइकल जोन्स को दो रन पर आउट कर दिया था, लेकिन मैकमुलेन और जॉर्ज मुनसे ने दूसरे विकेट के लिए48 गेंदों में 89 रन की साझेदारी करके स्कॉटलैंड को वापसी दिलाई। मैकमुलेन ने अधिक आक्रामक रवैया अपनाया, लेकिन मुनसे ने 23 गेंद पर 35 रन बनाकर अपनी भूमिका बखूबी निभाई। उन्होंने अपनी पारी में तीन छक्के और दो चौके लगाए। कप्तान बैरिंगटन ने 31 गेंदों में दो छक्कों और एक चौके की मदद से नाबाद 42 रन बनाकर अच्छा योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम पांच ओवर में केवल 42 रन दिए।

## आखिरी ग्रुप मैच रद्द होने के बाद भारत का सुपर8 में कब होगा मुकाबला




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम को टी20 वर्ल्ड कप 2024 में अपना आखिरी ग्रुप मैच कनाडा के खिलाफ फ्लोरिडा के लॉडरहिल में शनिवार को खेलना था, लेकिन मैदान के गीले होने के कारण ये मैच रद्द हो गया।

इस मैच के रद्द होने से भारत और कनाडा को एक-एक अंक दे दिए गए। इस एक अंक के साथ भारत के 4 मैचों में 7 अंक हो गए हैं और ये टीम ग्रुप ए की प्वॉइंट्स टेबल में पहले नंबर पर काबिज है। भारतीय टीम ग्रुप में टॉप पर रहते हुए सुपर 8 में जगह बना ली और अब बारी सुपर 8 के मैचों की है। भारतीय क्रिकेट टीम का सफर अमेरिका लेग में खत्म हो चुका है। अब टीम वेस्टइंडीज का रुख करेगी, जहां उसे सुपर 8 के मुकाबले खेलने हैं। वहीं इस दौरान वो अपना पहला मैच अफगानिस्तान के खिलाफ 20 जून को खेलेगी। भारत और अफगानिस्तान के बीच ये मैच केंसिंग्टन ओवलस ब्रिजटाउन, बारबाडोस में खेलना है। इसके बाद टीम इंडिया का सुपर 8 में दूसरा मुकाबला 22 जून को खेलना है। 22 जून को भारत का सामना ग्रुप डी में दूसरे नंबर पर रहने वाली टीम के साथ होगा। भारत का दूसरा मैच सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम नॉर्थ माउंट एंटीगुआ में होगा। सुपर 8 में भारतीय टीम अपना तीसरा मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच ये मैच 24 जून को खेला जाएगा। दोनों टीमों की भिड़ंत इस मुकाबले में डैरेन सैमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम, ग्रोस आइलेट, सेंट लूसिया में होगा। सुपर 8 में टीम इंडिया के सभी मुकाबले भारतीय समय के मुताबिक रात 8 बजे से होंगे।

